


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 273

ग्वालियर, बुधवार 22 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.






## नेपाल में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के विरोध में छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस ने बरसाई लाठियां

**काठमांडू।** भारत के पड़ोसी देश इन दिनों ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका के बाद अब नेपाल में तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। राजधानी काठमांडू में सोमवार को छात्रों के संगठन ने बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। काठमांडू में ऑल नेपाल नेशनल फ्री स्टूडेंट यूनियन (एएनएनएफएसयू) के लगभग 100 प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठियां बरसाईं। पुलिस ने कई प्रदर्शकारियों को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

उल्लेखनीय है कि एएनएनएफएसयू मुख्य विपक्षी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) की छात्र शाखा है। राज्य के स्वामित्व वाली एकाधिकार नेपाल ऑयल कॉरपोरेशन (एनओसी) ने सोमवार को एक लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमत में क्रमशः 12 फीसदी और 16 फीसदी की बढ़ोतरी की। इससे व्यापक कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका पैदा हो गई। इसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। यही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री दिलेंद्र प्रसाद बडू का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने सस्ते ईंधन और खाद्य मूल्य नियंत्रण की मांग की। एक प्रदर्शनकारी हरक बहादुर बोहरा ने बताया यह अयोग्य गठबंधन सरकार लगातार पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ा रही है। हम लोगों इसका विरोध कर रहे हैं। सरकार को कीमतें घटानी होगी, ताकि कम से कम हम एक दिन में दो बार के खाने का खर्च उठा सकें। बता दें कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है। नई कीमत के लागू होने से अब पेट्रोल की कीमत 199 रुपए प्रति लीटर और डीजल और केरोसिन की कीमत 192 रुपए प्रति लीटर हो गई। इसी तरह, विमानन ईंधन की कीमत 185 रुपए प्रति लीटर (घरेलू) और 1,645 डॉलर प्रति किलो लीटर (अंतरराष्ट्रीय) तक पहुंच गई है। बाहरी मोर्चे पर नेपाल को घटते प्रेषित धन का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उसके यहां अभूतपूर्व तरीके आयात में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। दोनों ही स्थिति ने देश की वित्तीय सेहत पर काफी बुरा असर डाला है। क्योंकि लंबित भुगतान में देरी होने के साथ-साथ, भयंकर असंतुलन हो रहा है। इन सब के बीच देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार गिरता जा रहा है। घरेलू स्तर पर, आवश्यक वस्तुओं के दाम काफी तेज़ी से बढ़ गए हैं और बैंक आदि भी व्यवसाय आदि के लिए ज़रुरी क़र्ज़ दे पाने में भी असफल हो रहे हैं। ऐसी चंद आर्थिक संकटों की वजह से, नेपाली जनता का एक बड़ा वर्ग इस बात से चिंतित है कि श्रीलंका की तरह नेपाल भी ठीक उसी दिशा की ओर अग्रसर है, जहां आज जिन समस्याओं का सामना नेपाल कर रहा है।

## अग्निपथ योजना से भाजपा तैयार करना चाहती है अपनी सेनाः ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** अग्निपथ योजना को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस योजना के तहत भाजपा अपनी सशस्त्र सेना



तैयार कर रही है। टीएमसी चीफ ने कहा, ये अग्निवीर चार साल के बाद क्या करेंगे? भाजपा युवाओं के हाथ में हथियार थमाना चाहती है। ममता बनर्जी ने भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर पलटवार किया। विजयवर्गीय ने कहा था कि भाजपा कार्यालयों की सुरक्षा की जिम्मेदारी देते वक्त अग्निवीरों को प्राथमिकता दी जाएगी। ममता बनर्जी ने पूछा है कि क्या भाजपा अग्निवीरों को अपने कार्यालयों में वॉचमैन बनाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी ने भी अग्निपथ योजना को आरएसएस का प्लान बता दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक इस बात की तैयारी कर रहा है कि अग्निपथ योजना से निकलने वाले 10 लाख लोगों में से 75 फीसदी को वे पूरे देश में फैला देंगे।

## विधानसभा चुनाव हारने वाले को खैरात में मिली डिप्टी सीएम की कुर्सी, अपने ही भगवान की कर रहे तौहीनः आजम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2 लोकसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आजमगढ़ और रामपुर में हो रहे उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच जबरदस्त वार पलटवार किया जा रहा है। भाजपा की ओर से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करने रामपुर पहुंचे थे। यूपी के पूर्व मंत्री आजम खान ने केशव मौर्य के एक बयान को आधार बनाते हुए उन पर एक विवादित बयान दिया है। आजम खान ने कहा यूपी विधानसभा चुनाव में हारने वाले एक राजनेता को खैरात में डिप्टी सीएम बनाया गया है। उसने अपने ही भगवान की तौहीन की है। आजम खान ने डिप्टी सीएम पर हमला करते हुए कहा रामराज रहेगा, अब्दुल्ला राज नहीं रहेगा। आजम खान ने कहा कि अरे कौन कहता है अब्दुल्ला राज आएगा। अब्दुल्ला को तो जिल्लत, तबाही और बर्बादी के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। उसे जेल मिलेगी। आजम खान के इस बयान पर केशव प्रसाद मौर्य ने भी पलटवार किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक ट्वीट के जरिए साफ तौर पर कहा है कि आजम खान का दिमाग खराब हो गया है। अपने ट्वीट में केशव मौर्य ने लिखा कि विधायक मोहम्मद आज़म खान का रामपुर और आजमगढ के उपचुनाव में भाजपा की जीत सपा की हार की संभावना को देखते हुए मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।



# योग जीवन का हिस्सा ही नहीं, जीवन जीने की पद्धति भी बन रहा हैः पीएम मोदी





**अहमदाबाद।** आज 21 जून को देशभर में आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों में कर्नाटक में मैसूर से वर्चुअल तरीके से उपस्थित रहे। गुजरात में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड तथा राज्य के खेल मंत्री हर्ष संघवी की प्रेरक उपस्थित में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैसूर से वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि योग आज हमारे लिए केवल 'पार्ट ऑफ लाइफ' अर्थात जीवन का हिस्सा ही नहीं है बल्कि अब यह 'वे ऑफ लाइफ' यानी जीवन जीने की पद्धति बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से गति देंगे। ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या हो या अंतरराष्ट्रीय विवाद हो, योग के जरिए सामूहिक चेतना से सभी समस्याओं का हल निकालकर विश्व शांति स्थापित की जा सकती है। योग समस्या का समाधानकर्ता बन सकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम कितने भी तनावपूर्ण माहौल में क्यों न हों, कुछ मिनट का ध्यान एवं योग हमारी उत्पादकता को बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि हमें योग को जानना भी है, जीना भी है, हमें योग को पाना भी है और अपनाना भी है। हमें योग को विकसित और विस्तारित करना है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2022 की थीम 'मानवता के लिए योग' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार 'गार्जियन रिंग ऑफ योगा' का अभिनव प्रयोग आज पूरी दुनिया में हो रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों में सूर्योदय के साथ, सूर्य की गति के साथ, लोग योग कर रहे हैं। जैसे-जैसे सूर्य आगे बढ़ रहा है, उसकी पहली किरण के साथ अलग-अलग देशों में लोग साथ जुड़ते जा रहे हैं। पूरी पृथ्वी के चारों ओर योग की रिंग बन रही है। यही है 'गार्जियन रिंग ऑफ योग।' प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार सरकार के स्टार्टअप योग चैलेंज का उल्लेख करते हुए युवाओं को योग में नए आइडिया लाने और नवीन प्रयोग करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर कहा कि इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है, ऐसे में गुजरात में 75 आइकॉनिक स्थानों पर योग प्रेमी योग दिवस मना रहे हैं। उन्होंने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव स्वास्थ्य का अमृत काल बने और योग प्रत्येक के जीवन में अमृत फैलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को 'मानवता के लिए योग' की थीम के साथ मना रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने सभी देशों, धर्मों, जाति-पाति के लोगों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया है और योग-प्राणायाम के साथ स्वस्थ जीवन शैली स्वीकार करने का आह्वान भी किया है। इतना ही नहीं, आज योग के माध्यम से दुनिया के अनेक लोग एक-दूसरे के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नरेन्द्र मोदी ने योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने का भगीरथ कार्य किया है।

- स्वास्थ्य का अमृत काल बनेगा आजादी का अमृत महोत्सव, योग हरेक के जीवन में फैलाएगा अमृतः मुख्यमंत्री
- अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
- सूर्य की पहली किरण के साथ योग करती दुनिया के जरिए साकार हुआ 'गार्जियन रिंग ऑफ योगा' का अभिनव प्रयोग

## सुरक्षाबलों की अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने की कवायद में जुटे, 70 मुठभेड़ और 118 आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** बाबा भोलेनाथ की श्री अमरनाथ की तीर्थयात्रा को पूरी तरह सुरक्षित बनाए की कवायद में लगे सुरक्षाबलों ने दक्षिण में पीरपंजाल की पहाड़ियों से लेकर उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक आतंकरोधी अभियान चला रखा है। देशी-विदेशी आतंकियों और उनके ओवरग्राउंड वर्कर नेटवर्क को चिन्हित किया जा रहा है। उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इस वर्ष अब तक 171 दिनों में 118 आतंकी मारे गए हैं। इनमे 33 विदेशी आतंकी हैं, शेष स्थानीय हैं। बीते साल इसी अवधि के दौरान 52 आतंकी मारे गए थे। मौजूदा वर्ष में अब तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 70 बार मुठभेड़ हुई है। सबसे ज्यादा 44 मुठभेड़ दक्षिण कश्मीर में ही हुई हैं। कश्मीर के आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि श्री अमरनाथ यात्रा को आतंकी खतरे से पूरी तरह दूर रखने के लिए एक विशेष रणनीति अपनाई गई है। सुरक्षा प्रबंधों को बेहतर बनाने के साथ ही आतंकियों पर प्रहार किया जा रहा है। पूरे कश्मीर में आतंकरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। हर जगह आतंकियों और उनके ओवरग्राउंड वर्कर नेटवर्क पर दबाव बनाया जा रहा है। इस वर्ष अब तक 118 आतंकियों को मार गिराया है। विदेशी आतंकियों के मारे जाने का असर स्थानीय आतंकियों की संख्या पर भी पड़ेगा। विदेशी आतंकी अगर कम होंगे तो स्थानीय आतंकियों की संख्या भी घटेगी। जिलेवार हुई मुठभेड़ का आंकड़ा- प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अब तक हुई मुठभेड़ों में सबसे ज्यादा 44 मुठभेड़ें दक्षिण कश्मीर के चार जिलों पुलवामा, कुलगाम, शोपियां व अनंतनाग में ही हुई हैं। मध्य कश्मीर के तीन जिलों श्रीनगर, बड़गाम और गांदरबल में 13 और उत्तरी कश्मीर के बारामुला, बांडीपोरा व कुपवाड़ा में 13 मुठभेड़ हुई हैं। पुलवामा में 14, शोपियां व कुलगाम में 11-11 और अनंतनाग में सात मुठभेड़ हुई हैं। बारामुला में चार, कुपवाड़ा में सात और बांडीपोरा में दो, श्रीनगर में 10, बड़गाम में दो और जिला गांदरबल में सिर्फ एक ही बार मुठभेड़ हुई हैं। आतंकी किसी भी घटना को दे सकते हैं अंजाम- पुलिस के अनुसार, जरूरी नहीं कि आतंकी तीर्थयात्रा के दौरान माहौल बिगाडऩे के लिए सिर्फ श्रद्धालुओं पर हमला करें।

## अग्निपथ योजना के खिलाफ तीसरी याचिका दाखिल, केंद्र सरकार भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई है। इस तरह अब तक तीन याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की जा चुकी हैं। इनमें अग्निपथ योजना पर रोक लगाने की मांग की गई है। उधर केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में कैवियट दाखिल करके कहा गया है कि कोई भी निर्णय लेने से पहले केंद्र का पक्ष भी सुना जाना चाहिए। अग्निपथ स्कीम को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन के बीच अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे तक पहुंच गया है। इस मामले में तीनों याचिकाएं तीन वकीलों ने दाखिल की हैं। पहली दो याचिकाएं एडवोकेट विशाल तिवारी और एमएल शर्मा ने दायर की थी। सोमवार को एडवोकेट हर्ष अजय सिंह ने भी एक याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में दखल देने की गुजरिश की।

एडवोकेट हर्ष ने अपनी रिट याचिका में कहा कि अग्निपथ योजना के तहत 4 साल के लिए युवाओं की सेना में भर्ती की जा रही है, उसके बाद 25 फीसदी अग्निवीरों को ही आगे स्थाई किया जाएगा। उन्होंने दलील दी है कि युवावस्था में चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर अग्निवीर आत्म-अनुशासन बनाए रखने के लिए न तो पेशेवर रूप से और न व्यक्तिगत रूप से पर्याप्त परिपक्व होंगे। ऐसे में प्रशिक्षित अग्निवीरों के भटकने की बहुत संभावनाएं हैं। इससे पहले, एडवोकेट मनोहर लाल शर्मा ने अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि सरकार ने सेना में भर्ती की दशकों पुरानी नीति को संसद की अनुमति के बिना बदल दिया है, जो संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। उन्होंने कहा है कि अफसरों के लिए सेना में स्थाई कमीशन होता है और वो 60 साल तक की उम्र में रिटायर हो सकते हैं। शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के तहत सेना में शामिल होने वालों के लिए 10/14 साल तक सर्विस का विकल्प होता है।

## जल्द चुनाव नहीं हुए तो और खराब हो जाएगी पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति : इमरान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने आगाह किया है कि अगर नकदी की कमी से जूझ रहे मुल्क में जल्द चुनाव नहीं कराए गए तो यहां आर्थिक तथा राजनीतिक संकट और गहरा जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के अप्रैल में सत्ता में आने के बाद तीसरी बार पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर पिछले हफ्ते विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके बाद इमरान के समर्थकों ने प्रमुख शहरों में बढ़ती महंगाई के खिलाफ कई बार विरोध-प्रदर्शन किए हैं। रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए इमरान ने कहा था कि अगर समयपूर्व चुनाव नहीं कराए गए तो मुल्क के आर्थिक तथा राजनीतिक हालात और खराब हो जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा मैं आपका (लॉन्ग मार्च के लिए) आह्वान करूंगा। अगर स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव नहीं हुए तो अराजकता और फैलेगी। इमरान ने पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी वापस लेने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा कि उनके नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नीत पिछली सरकार ने कीमतें बढ़ाने की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांग का विरोध किया था। इमरान ने कहा यह सरकार दो महीने के लिए आईएमएफ के कार्यक्रम का हिस्सा है, जबकि हम ढाई साल तक इसमें रहे। पर मेरी सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ाने की आईएमएफ की शर्त के खिलाफ पेट्रोल के दाम में कटौती की थी। उन्होंने मौजूदा सरकार पर अर्थव्यवस्था को संभालने में असमर्थ होने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर मुल्क चुपचाप बैठा रहा तो आने वाले दिनों में कीमतें और अधिक बढ़ जाएंगी।

## खास खबर

### टेस्ला ने 500 कर्मचारियों को निकाला, किया कंपनी पर मुकदमा दर्ज

**वाशिंगटन।** टेस्ला के पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी पर मुकदमा दर्ज करा दिया हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी का 'बड़े स्तर पर छंटनी का फैसला कानून का उल्लंघन है, क्योंकि कर्मचारियों को इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। यह मुकदमा जॉन लिंच और डेक्स्टन हार्ट्सफील्ज ने किया है, जिन्हें 10 और 15 जून को नौकरी से निकाला गया था। अब वह कंपनी से 60 दिन के नोटिस पीरियड के बदले भुगतान और बेनेफिट्स मांग रहे हैं। उनका दावा है कि उन्हें कंपनी की गीगा फैक्ट्री से निकाला गया है। मुकदमे में दावा किया गया है कि नेवाडा स्थित टेस्ला की गीगा फैक्ट्री से 500 लोगों को निकाला गया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले कर्मचारियों ने कहा है कि कंपनी ने वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिटेनिंग नोटिफिकेशन एक्ट के तहत कर्मचारियों को 60 दिन का नोटिस न देकर कानून का उल्लंघन किया है। वे उन सभी टेस्ला कर्मचारियों के लिए न्याय मांग रहे हैं जिन्हें मई और जून में बगैर किसी पूर्व सूचना के कंपनी से निकाल दिया गया। मुकदमे के अनुसार, टेस्ला ने बस कर्मचारियों को बता दिया कि उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं। टेस्ला ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, टेस्ला के प्रमुख मस्क ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि अर्थव्यस्था अभी खराब दौर में जाती दिख रही है और उन्हें करीब 10 फीसदी कर्मचारियों को काम से निकालना होगा। इस बीच 20 से अधिक लोगों ने कहा है कि वह टेस्ला के पूर्व कर्मचारी हैं, उन्हें इसी महीने नौकरी से निकाला गया है।

### कंबोडिया में मिली दुनिया की सबसे बड़ी मछली, 300 किलो है वजन

**कंबोडिया।** मेकांग नदी से दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की मछली को पकड़ा गया है। यह एक विशाल स्टिंग्रे मछली है, जिसका वजन लगभग 300 किलो है। शोधकर्ताओं की मानें तो यह अब तक रिकॉर्ड की गई दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की मछली है। 13 जून को पकड़ी गई मछली की लंबाई 13 फीट है। बताया जा रहा है कि स्टंग ट्रेंग नामक जगह के नजदीक स्थानीय मछुआरे ने मछली को पकड़ा है। कहा जा रहा है, कि जब मछुआरे ने मछली को पकड़ा था, तब वे लोग भी इसके आकार को देखकर हैरान रह गया था, जिसके बाद उसने वैज्ञानिकों को इस बारे में सूचित किया। वैज्ञानिकों ने बताया, ताजे पानी की सबसे बड़ी मछली का पिछला रिकॉर्ड 293 किलो की विशाल कैटफिश के नाम था। इस मछली को 2005 में थाईलैंड में पकड़ा गया था. बताया जा रहा है कि इस 4 मीटर लंबी इस विशालकाय स्टिंग्रे मछली को इलेक्ट्रॉनिक टैग लगाने के बाद वापस से नदी में छोड़ दिया गया, ताकि शोधकर्ता उसके मूवमेंट और बिहेवियर पर नजर रख सकें।

### पाकिस्तान से भी जुड़े सिद्धू मूसेवाला मर्डर के तार

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में एक बड़ा खुलासा हुआ है। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड के तार कनाडा के बाद अब पाकिस्तान से भी जुड़ते दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार उन्हें सीमा पार से सप्लाई किए गए थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मूसेवाला की हत्या के मामले में दो शूटरों समेत तीन लोगों को हाल ही में गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रियव्रत उर्फ ??फौजी (26), राज्य के झज्जर जिले के कशिश (24) और पंजाब के भटिंडा निवासी केशव कुमार (29) के रूप में हुई है। स्पेशल सेल के स्पेशल सीपी एच.जी.एस. धालीवाल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल दो मुख्य शूटरों समेत उनके मॉड्यूल हेड को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल की टीम ने इनको 19 जून को गिरफ्तार किया था।

न्यूज़ ट्रैक....

## इलाज के लिए जर्मनी पहुंचे राहुल ने साझा की तस्वीरें

**बर्लिन** । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज लोकेश राहुल राहुल इलाज के लिए जर्मनी पहुंच गये हैं। जर्मनी पहुंचकर राहुल ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए लोगों से दुआएं मांगी हैं। राहुल चोटग्रस्त होने के कारण ही आईपीएल से ही टीम से बाहर हैं। इसी कारण वह इंग्लैंड दौरे में भी नहीं जा पाये थे। राहुल ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा की हैं। राहुल के सोशल मीडिया पर तस्वीरें भेजने के बाद प्रशंसकों ने उनके शीघ्र ठीक होने की कामना की है। फिट नहीं होने के कारण ही राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में नहीं खेल पाये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल को लगभग एक महीने तक जर्मनी में रहना पड़ेगा। वह अब भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। राहुल के बाहर होने के कारण अब इंग्लैंड दौरे में टीम इंडिया की उप कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मिली है।

## अश्विन का कोरोना संक्रमण के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेलना संदिग्ध

**मुम्बई** । टीम इंडिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन कोरोना संक्रमित होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट में शायद ही खेल पायें। अश्विन संक्रमण के बाद से ही क्वारंटीन में हैं। अश्विन कोरोना प्रोटोकॉल के कारण ही अभी तक इंग्लैंड नहीं गये हैं। वहीं भारतीय टीम के अन्य सभी खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच गये हैं। संक्रमण के कारण अश्विन ठीक होने के बाद भी लीस्टरशॉयर के खिलाफ अभ्यास मैच तक लंदन नहीं पहुंच पायेंगे। वह पहले टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। यह टेस्ट मैच पिछले साल कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाया था। टीम इंडिया पिछले साल जब इंग्लैंड दौरे पर गई थी, उस समय भारतीय टीम को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी थी, लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों के संक्रमित होने के कारण सीरीज के 4 टेस्ट मैच ही खेले गए थे। टीम इंडिया इस सीरीज में 2–1 से आगे है। अश्विन ने आईपीएल के 15वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था।

## भारत के भांबरी और रामकुमार विंबलडन क्वालिफाइंग मुकाबले में हारे

**मुम्बई** । भारत के शीर्ष वरीयता प्रात खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और युकी भांबरी साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के क्वालिफाइंग दौर से ही बाहर हो गये हैं। रामकुमार को पहले ही दौर में चेक गणराज्य के विट कोपरिवा ने 7–5, 6–4 से हराया। इस मुकाबले में पहला सेट हारने के बाद रामनाथन ने दूसरे सेट में वापसी का प्रयास किया पर वे सफल नहीं रहे। अब कोपरिवा का मुकाबला ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ओफनर से होगा। वहीं एक अन्य मुकाबले में भांबरी को स्पेन के बेरनाबे जाप्टा मिरालेस ने 7–5, 6–1 से हराया। मुकाबले के दौरान भांबरी ने शुरुआत अच्छी की थी। उन्होंने शुरू में 5–3 की बढ़त बनाई पर मिरालेस ने शीघ्र ही वापसी की। स्पेनिश खिलाड़ी ने इसके बाद भांबरी को वापसी का अवसर नहीं दिया। भांबरी को इंजरी प्रोटेक्टेड रैंकिंग के जरिए क्वालिफाइंग में मौका मिला था। मिरालेस ने हाल में कई अच्छी जीत दर्ज की थी। मिरालेस ने क्वालिफाइंग के जरिए पिछले महीने वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई थी। उन्होंने इस दौरान अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और जॉन इस्नर जैसे स्टार खिलाड़ियों को पराजित किया था।



सेन फ्रांसिस्को में गोल्डन स्टेट वैरियर्स चैम्पियनशिप में स्टीफन करी अपनी पत्नी आयशा और गार्ड डिमोन ली के साथ नजर आये।

# इंग्लैंड के खिलाफ एक मात्र टेस्ट भी अहम : द्रविड़

**बेंगलुरु** । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला एकमात्र टेस्ट बेहद अहम है क्योंकि इसके परिणाम पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी निर्भर करते हैं। यह मैच साल पिछले साल कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाया था। द्रविड़ ने कहा, यह सिर्फ एकमात्र टेस्ट नहीं है बल्कि इस पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी निर्भर हैं। भारतीय टीम ने पिछले साल यह सीरीज खेली थी और इसमें बढ़त हासिल की थी। अब टीम इस सीरीज को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। साथ ही कहा कि इंग्लैंड इस समय काफी अच्छा खेल रही है, इसलिए हमें विशेष रुप से सतर्क रहना होगा।

उन्होंने साथ ही कहा, जब हम पिछले साल इंग्लैंड से खेले थे तो हालात कुछ और थे। इस बार अलग हैं क्योंकि तब वे न्यूजीलैंड से हार कर आ रहे थे लेकिन इस बार वे न्यूजीलैंड को हराकर आ रहे हैं, इसलिए उनके हौंसले बुलंद हैं। साथ ही कहा कि हमारी टीम भी काफी अच्छी है, इसलिए मैं एक अच्छे मैच की उम्मीद कर रहा हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट देखना, खेलना और उसके लिए ल?कों को तैयार करना काफी अच्छा लगता है और मैं इसके लिए तैयार हूं।

भारतीय टीम को गुरुवार से लेस्टरशायर के खिलाफ चार दिन का अभ्यास मैच खेलना है। पिछले साल शुरू हुई इस सीरीज में भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे थे, वहीं अब कोच द्रवि? हैं जबकि कप्तान की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के पास है , वहीं रहाणे को टीम में जगह नहीं मिली है। दूसरी ओर इंग्लैंड में भी बदलाव आये हैं। टीम के कप्तान अब जो रुट की जगह बेन स्टोक्स हैं जबकि सिल्वरवुड की जगह मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम बने हैं।

## सिंधिया-शिवराज ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के लिए मध्यप्रदेश को शुभकामनाएं दी

**इंदौर** । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के लिए मध्यप्रदेश टीम को शुभकामनाएं दी हैं। मध्यप्रदेश की टीम 23 साल बाद रणजी ट्रॉफी फाइनल खेलेगी। इससे पहले साल 1999 में चंद्रकांत पंडित की कप्तानी में मप्र टीम रणजी के फाइनल में पहुंची थी हालांकि तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। रोचक बात यह है कि अब पंडित ही टीम के कोच हैं। मप्र ओर मुम्बई के बीच रणजी का यह खिताबी मुकाबला बुधवार से मुम्बई में शुरु होगा। इस मुकाबले के लिए टीम का हौंसला बढ़ाने राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खिलाड़ियों से बात की। एमपीसीए से जुड़े पूर्व क्रिकेटर और कोच संदीप मूंगरे को भी मप्र की जीत की उम्मीद है।

## बेरेटिनी ने क्वींस खिताब, हर्काज ने हाले ओपन जीता

**लंदन** । इटली के माटियो बेरेटिनी ने फिलिप क्रोजीनोविच को हराकर ग्रास कोर्ट क्वींस क्लब खिताब जीत लिया है। बेरेटिनी ने खिताबी मुकाबले में क्रोजीनोविच को 7-5, 6-4 से हराया। बेरेटिनी इस इस जीत से अब 27 जून से शुरु हो रहे विम्बलडन में उत्साहित होकर उतरेंगे। वह इस तरह क्वींस क्लब में कई बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों लेटिन हेविट, एंडी रॉडिक, एंडी मरे, मारिन सिलिच और फेलिसियानो लोपेज के क्लब में शामिल हो गये हैं। वहीं दूसरी ओर हाले में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रुस के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। हर्काज ने मेदवेदेव को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-1, 6-4 से हराकर पहली बार कोई ग्रासकोर्ट खिताब जीता है। हर्काज भी अब विम्बलडन में जीत के दावेदार के तौर पर उतरेंगे। उन्होंने हाले में खिताबी जीत के दौरान गत चैंपियन यूगो हम्बर्ट, फेलिक्स ऑगर अलियासिम और ऑस्ट्रेलिया के निक

# ज्योति के स्वर्ण सहित भारतीय एथलीटों ने जीते आठ पदक



**नई दिल्ली** । ज्योति गदेराया के स्वर्ण के अलावा नीरज कुमार के रजत व मयूरी लुटे , पूजा डेनोल,और विश्वजीत सिंह के कांस्य पदक के साथ ही अब तक 41वीं सीनियर, 28वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में भारत ने कुल 18 पदक जीते हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ ही आठ पदे जीते हैं। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन 12 वर्ग में अंतिम दौर के मुकाबले हुए जिसमें चार मुकाबले पैरा साइकिलिंग स्पर्धा में हुए। भारत ने पैरा साइकिलिंग में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं ट्रैक साइकिलिस्ट मयूरी ने 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। ज्योति ने स्वर्ण पर कब्जा किया।

यह मयूरी का दो दिन में दूसरा कांस्य पदक और सीनियर वर्ग की स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। मूयरी ने टाइम ट्रायल में 36.481 सेकेंड का समय लिया और 49.340 किमी प्रतिघंटा की गति हासिल की। भारत को दिन का पहला पदक महिला जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत परसुइट में पूजा के कांस्य पदक के रूप में मिला। पूजा ने दो मिनट 31.277 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दौरान दो मिनट 37.410 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं महिला जूनियर वर्ग में नीरज 2000 मीटर रेस स्पर्धा में कजाखस्तान के मैक्सिम ट्रास्किन से पिछड़ गए और उन्हें रजत पदक ही मिल पाया। सीनियर पुरुष व्यक्तिगत परसुइट वर्ग विश्वजीत ने चार किमी रेस में नौ मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता। विश्वजीत ने मलेशिया के कियात लिम को पीछे छोड़ा। वहीं ट्रैक साइकिलिस्ट इसो एल्बेन पुरुष एलीट स्पर्धा में पदक जीतने में विफल रहे।

# भारत को हराकर एफआईएच प्रो लीग खिताब नीदरलैंड ने जीता

**नई दिल्ली** । नीदरलैंड ने दूसरे मैच में भी भारत को हराकर एफआईएच प्रो लीग हॉकी खिताब जीता है। भारतीय टीम को पुरुष हॉकी के इस मुकाबले में नीदरलैंड के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं इससे पहले भारतीय टीम को पहले मैच में भी नीदरलैंड के खिलाफ शूट आउट में 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी। तय समय तक दोनो टीमें 1-4 से बराबरी पर थीं। खिताब जीतने भारत को नीदरलैंड के खिलाफ इस मैच में जीत की जरुरत थी पर भारतीय टीम उसमें विफल रही। नीदरलैंड ने 14 मैच में 35 अंक के साथ पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया है जबकि अभी दो मुकाबले शेष हैं। वहीं बेल्जियम की टीम 16 मैच में 35 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि भारत ने 16 मैच में 30 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। भारत की ओर से 30 सेकेंड के अंदर ही अभिषेक के मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

नीदरलैंड के जिप जेनसेन ने इसके बाद सातवें मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में 45वें मिनट में जोरिट क्रून ने गोल कर नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। उसके बाद डच टीम की यह बढ़त बरकरार रही। भारतीय टीम को गोल करने के कई अवसर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। मैच में भारतीय टीम के गोलकीपर श्रीजेस ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कई गोल रोके।

व्यापार न्यूज

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेज की कीमतों में तेजी के साथ ही घरेलू बाजार में इसके दाम बढ़ने की आशंका बढ़ रही है। सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल–डीजल के नए रेट जारी किये हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में एक फीसदी का उछाल आया और यह 115.1 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया हालांकि, सरकारी तेल कंपनियों ने आज भी पेट्रोल–डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। दिल्ली में अब भी पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। पेट्रोलियम कंपनियां कच्चे तेल के लगातार बढ़ते भाव की वजह से घाटे का दावा कर रही हैं और खुदरा दाम बढ़ाने की मांग कर रही हैं।

## रुपये में गिरावट

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया गिरा है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन विदेशी कोषों की लगातार निकासी से रुपया छह पैसे टूटकर 78.04 पर खिसक गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 78 पर खुला, फिर कमजोर रुख के साथ ही 78.04 तक आ गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की गिरावट दिखाता है। इससे पहले सोमवार को रुपया सात पैसे की तेजी के साथ ही 77.98 पर बंद हुआ था। वहीं छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.36 फीसदी की गिरावट के साथ ही 104.32 पर पहुंच गया।

## वोडाफोन समूह से 500 करोड़ की राशि जुटाने 22 जून को होगी वीआईएल बोर्ड की अहम बैठक

**नई दिल्ली** । सूचना प्राद्योगिकी क्षेत्र की निजी कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के बोर्ड की बैठक 22 जून को होगी, जिसमें वोडाफोन समूह से 500 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा और उसे मंजूरी दी जाएगी। यह राशि वोडाफोन समूह (कंपनी के प्रवर्तकों में एक) से संबंधित एक या अधिक संस्थाओं को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी कर जुटाई जाएगी। वीआईएल ने रविवार शाम शेयर बाजार को बताया, 'वोडाफोन समूह (कंपनी के प्रवर्तकों में से एक) से संबंधित एक या अधिक संस्थाओं को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करके 500 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 22 जून 2022 को होगी।' यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब भारतीय दूरसंचार बाजार 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए तैयार है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला : सेंसेक्स 300 व निफ्टी 106 अंक बढ़ा

**मुम्बई** । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में उत्साह का माहौल है। दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों से निवेशकों ने आज भी खरीदारी पर बल दिया। इसके साथ ही तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सुबह 300 अंक ऊपर आकर 51,898 के स्तर पर खुला जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 106 अंक बढ़ कर 15,456 पर पहुंच गया। बाजार की अच्छी शुरुआत होने से निवेशकों में भी उत्साह है जिससे भी यह ऊपर आया है। सुबह सेंसेक्स 230 अंकों की बढ़त के साथ 51,828 पर पहुंच गया था, जबकि निफ्टी 77 अंक बढ़कर 15,427 पर कारोबार कर रहा था। कारोबार की शुरुआत से ही निवेशकों ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज , अडानी पोर्ट, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन, एसबीआई, टेक एम, रिलायंस, बजाज टवींस, एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक जैसी कंपनियों के शेयरों की जमकर खरीददारी की जिससे इनके स्टॉक्स सबसे ज्यादा लाभ वालों की सूची में आ गए पर एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट,एशियन पेंटस और मारुती सूजुकी जैसी कंपनियों के स्टॉक्स बिकवाली की वजह से नुकसान में रहे। इसके अलावा बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर भी तेजी दिखी और इसमें एक फीसदी का उछाल आया। कारोबार के दौरान धातु शेयरों में सबसे ज्यादा 2 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा ऑटो, आईटी, फार्मा और पीएसबी सेक्टर के स्टॉक में भी तेजी दिखी। अन्य सेक्टर्स में भी आज उछाल दिखा है। सूवन



लाइफ साइंस में पांच जबकि केएफसी इंटरनेशनल के शेयरों में दो फीसदी की बढ़त रही।

वहीं एशियाई बाजारों में बढ़त के साथ शुरुआत हुई। इसके शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.25 फीसदी की तेजी दिखी जबकि जापान का निक्केई 1.70 फीसदी की बढ़त बनाकर कारोबार कर रहा था। हांगकांग के शेयर बाजार में 0.42 फीसदी तेजी आई जबकि ताइवान का स्टॉक मार्केट 1.02 फीसदी के उछाल पर है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी 0.10 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा पर चीन के शंघाई कंपोजिट पर 0.06 फीसदी की गिरावट दिखी।

## एशियाई ओर अमेरिकी बाजारों में तेजी

टोक्यो। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों से एशियाई बाजारों में मंगलवार को तेजी रही। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में 0.25 फीसदी की बढ़त रही। जापान का निक्केई 1.70 फीसदी की बढ़त पर रहा। हांगकांग के शेयर बाजार में 0.42 फीसदी बढ़त रही जबकि ताइवान का स्टॉक मार्केट 1.02 फीसदी के उछाल पर है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी 0.10 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा पर चीन के शंघाई कंपोजिट पर 0.06 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों में भी उछाल रहा है। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज नेसडेक पर पिछले कारोबारी सत्र में 1.43 फीसदी की तेजी दिखी थी। अमेरिका की ही तरह से यूरोपीय बाजारों में भी सभी स्टॉक एक्सचेंजों में बढ़त रही। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले कारोबारी सत्र में 1.06 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार फ्रांस का शेयर बाजार 0.64 फीसदी बढ़त बनाकर बंद हुआ और लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले सत्र में 1.50 फीसदी का उछाल दिखा।

## टाटा नैनो से भी छोटा इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाया

**नई दिल्ली** । स्विट्जरलैंड की माइक्रो मोबिलिटी सिस्टम्स कंपनी ने एक अनूठा प्रयोग किया है। कंपनी ने मोटरसाइकिल और कार के डिजाइन का मिश्रण कर ये अद्भुत इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाया है। ये देखने में टाटा नैनो से भी छोटा इलेक्ट्रिक व्हीकल है। अपने बेहद दिलचस्प डिजाइन और अनूठे फीचर्स के चलते ये इलेक्ट्रिक व्हीकल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस व्हीकल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ये इलेक्ट्रिक वाहन अभी फुल-स्टेज प्रोडक्शन में भी नहीं पहुंचा और अभी से ही 30 हजार लोगों ने इस इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर एडवांस बुकिंग कर दी है। इस कार के अगर फीचर्स की बात करें तो कंपनी ने अपनी वेबसाइट्स पर कुछ डिटेल्स जारी किए हैं। इन डिटेल्स के अनुसार, इस वाहन में दो लोग एक साथ बैठकर यात्रा कर सकते हैं। महज 535 किलो वजनी इस इलेक्ट्रिक वाहन को एक बार चार्ज करने के बाद 235 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। हालांकि इस वाहन के बेस मॉडल की रेंज सिर्फ 115 किलोमीटर के आसपास ही है।




## सप्लाई चेन बाधित होने से जर्मनी में बीयर, जापान में प्याज और अमेरिका में पॉपकॉर्न महंगा

**नई दिल्ली** । कोरोना महामारी के बाद सप्लाई चेन के बाधित होने का व्यापक असर महंगाई के रूप में सामने आ रही है लिहाजा हर चीज महंगी होती जा रही है। हालांकि, कुछ चीजें हैं जो अलग-अलग देशों में अधिक महंगी हो रही हैं। दुनिया भर में पॉपकॉर्न से लेकर स्पाइसी सॉस श्रीरचा तक की कमी हो रही है। ग्रॉसरी शेल्फ में ये सब बड़ी मुश्किल से देखने को मिल रहे हैं। इससे साफ हो रहा है कि अभी दुनिया भर में सप्लाई चेन भारी दबाव में है। तमाम कंपनियां अलग-अलग मौकों पर यह बात स्वीकारती भी रही हैं कि सप्लाई चेन में दिक्कत से सामान की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। पिछले कुछ महीनों में बहुत सारी चीजों या तो बेहद महंगी हो चुकी हैं या फिर ढूंढे नहीं मिल रही हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया में लेट्यूस, जापान में प्याज और सलामी और जर्मनी में बोतल वाली बीयर शामिल हैं। अब तमाम बिजनेस अपने ग्राहकों की मांग को पूरा करने से लिए वैकल्पिक तरीकों की तलाश में जुट गए हैं। इस समस्या की असल वजह इन चीजों की दिक्कत नहीं है, बल्कि ग्लोबल सप्लाई चेन की दिक्कत के चलते ये सब हो रहा है।




## आशा है कि मेरी किताब बातचीत को प्रोत्साहित करेगी: टिस्का चोपड़ा

टिस्का चोपड़ा की नई किताब व्हाट्स अप विद मी? युवावस्था और मासिक धर्म जैसे विषयों पर आधारित है। अभिनेत्री को उम्मीद है कि उनका ये प्रयास इन विषयों पर बातचीत को बढ़ावा देने में मदद करेगा, जो थोड़ा असहज होगा लेकिन जरूरी भी है।



टिस्का ने बताया, मेरी किताब व्हाट्स अप अप विद मी? में लड़कियों में युवावस्था में होने वाले बदलाव जैसे कि पीरियड्स, पिंपल्स, मुंहासे, स्तनों का विकास, ब्रा खरीदना, सैनिटरी नैपकिन, उसके बदलते हार्मोन, मूड, उसके दोस्तों के साथ संबंधों, लड़के, माता-पिता और भावनात्मक और शारीरिक परिवर्तन का जिक्र है। पिछले महीने जारी अपनी इस किताब के बारे में उन्होंने आगे कहा, इस किताब को लिखने में मुझे साइंस, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माला अरोड़ा और थेरपिस्ट डॉ. मालविका वर्मा का सहयोग मिला है।

## सत्यमेव जयते 2 की रिलीज टली

जॉन अब्राहम-स्टारर सत्यमेव जयते 2 की रिलीज की तारीख कोविड के प्रकोप के कारण स्थगित कर दी गई है। फिल्म निर्देशक मिलाप जावेरी ने इंस्टाग्राम पर मंगलवार सुबह इसकी घोषणा की। यह फिल्म 13 मई को ईद पर रिलीज होनी थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई को टक्कर देने के लिए तैयार थी। झवेरी ने लिखा, इस संकट के समय, जनता की सुरक्षा और स्वास्थ की परवाह करते हुए हम अपनी आने वाली फिल्म सत्यमेव जयते 2 की तारीख निर्धारित समय से आगे बढ़ा रहे हैं। फिल्म से सम्बंधित आगे की जानकारी हम आपको देते रहेंगे। तब तक दो गज की दूरी तथा मास्क लगाए रखिये, अपना और अपनों का ध्यान रखें, जय हिन्द ! उन्होंने बयान को कैप्शन देते हुए कहा, भारत सुरक्षित रहे। मजबूत रहे। उन लोगों की मदद करें जिसकी आप कर सकते हैं। ये भी बीत जाएगा। जल्द मिलते हैं सत्यमेव जयते में।एक्शन ड्रामा में मनोज बाजपेयी और दिव्या खोसला कुमार भी हैं।

## रामयुग में राम की कहानी का प्रसार करने से फैलेगी सकारात्मकता:कुणाल कोहली

निर्देशक कुणाल कोहली कहते है कि उनकी आगामी पौराणिक वेब श्रृंखला रामयुग भगवान राम की कहानी को बयान करती है। इस समय में जब लोग इस महामारी में निराशा महसूस कर रहे हैं तो इससे सकारात्मकता और आशा का प्रसार होगा। कोहली कहते हैं, देश बेहद कठिन समय से गुजर रहा है और हम आशा करते हैं कि इस महाकाव्यात्मक कहानी का फिर से कहना उन्हें प्रेरित करेगा और उनके परिवारों को शक्ति देगा जो एक साथ बैठकर इस कहानी को देख सकते हैं। वे कहते हैं, राम की कहानी को भारत के कुछ महानतम लेखकों द्वारा संस्कृत और क्षेत्रीय भाषाओं दोनों में लिखा गया है।




# सोशल मीडिया की वजह से कई प्रतिभा सामने आई है: सुनील ग्रोवर

सुनील ग्रोवर सालों से टेलीविजन पर लोगों को हंसाते रहे हैं। उन्होंने वेब सीरीज तांडव, या अक्षय कुमार स्टारर फिल्म गब्बर इज बैक जैसी विषम गंभीर फिल्मों में भी अपनी भूमिका से लोगों को प्रभावित किया है। हाल के वर्षों में नए युग की प्रतिभाओं के लिए सोशल मीडिया का आगमन एक वरदान रहा है और सुनील को भी इस मंच से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, आपको इतना देखना होगा कि सोशल मीडिया की वजह से बहुत प्रतिभाएं सामने आई हैं। सभी को खुद को व्यक्त करने के लिए एक मंच मिला है और जो चाहें उन्हें देख सकता हैं सुनील ने कहा कि अगर सोशल मीडिया और ओटीटी के आगमन की कहानी की बात करें तो



यह बदलाव कुछ वर्षों में ही हुआ है। थिएटर से लेकर फिल्मों तक, सोशल मीडिया से लेकर ओटीटी तक दर्शकों ने अब साबित कर दिया है कि वे आसानी से सब कुछ अपना सकते हैं। उन्होंने कहा, परिवर्तन अपरिहार्य है। जब फिल्में आने लगीं, तो लोगों को लगा कि नाटकों के दर्शक प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन थिएटर जारी है। आखिरकार, सोशल मीडिया आ गया और अब हमारे पास ओटीटी है। समय के साथ, लोग विकास के अनुकूल हो जाते हैं

उनके लिए, एक कलाकार के रूप में, विभिन्न प्रकार के प्लेटफार्मों का मतलब प्रयोग करने का एक बेहतर मौका है, जो बदले में नई चुनौतियों का सामना करता है। सुनील जल्द ही आगामी कॉमेडी शो हंसी तो फंसे में दिखाई देंगे, जहाँ 10 कॉमेडियन एक दूसरे को हंसाने की कोशिश करते हुए एक घर में बंद हो जाएंगे।

## अर्जुन कपूर ने की 30 हजार लोगों की मदद




बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने कोरोना महामारी संकट के समय 30 हजार लोगों की मदद की है। देश भर में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इस कठिन समय में बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के कलाकार लोगों की मदद के लिये आगे आ रहे हैं। अर्जुन कपूर अपनी बहन अंशुला कपूर के साथ मिलकर ऑनलाइन सिलेब्रिटी फंडरेजिंग प्लेटफॉर्म 'फैनकाइंड' के जरिए कोरोना महामारी के दौर में लोगों की मदद कर रहे हैं। दोनों ने एक करोड़ रुपये इकट्ठा करके 30 हजार लोगों और उनके परिवार की मदद की है। अर्जुन कपूर ने कहा, महामारी ने हमें दुखों की खाई में धकेल दिया है। इस स्थिति ने हम सभी को आगे बढ़ने और दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया है। अंशुला और मैंने फैनकाइंड के जरिए लोगों की मदद करने की कोशिश की है। मुझे खुशी है कि हमने भारत के करीब 30 हजार लोगों की मदद की और संकट के समय में एक करोड़ रुपये एकट्ठा किए हैं। अर्जुन कपूर ने कहा, महीने भर के राशन और खाने

# डोनल बिष्ट ने रेड ड्रेस में बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



टीवी एक्ट्रेस डोनल बिष्ट इंटरनेट पर अपनी हॉट फोटोज से काफी बवाल मचा रही हैं। टीवी शो एक दिवाना था में शरनाया और रूप-मर्द का नया स्वरुप में इशिका पटेल का किरदार निभाकर लोगों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली डोनल इन दिनों अपने ग्लैमरस अवतार से लोगों का काफी अटेंशन पाती हुई नजर आ रही हैं। इस फोटोज में डोनल बिष्ट रेड ड्रेस में इंस्टाग्राम पर कहर बरपा रही हैं। डोनल इन तस्वीरों में बीच पर हॉट पोज़ देती नजर आ रहीं हैं। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका अवतार देखकर लोग भी हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 7.7 लाख से भी ज्यादा की फैन फॉलोविंग कमाने वाली डोनल की फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। बात दें कि एक्टिंग में कदम रखने से पहले डोनल ने कॉलेज के दिनों में मॉडलिंग करना शुरू किया था और बाद में उन्होंने पत्रकारिता क्षेत्र में भी काम किया। मनोरंजन जगत को लेकर अपने एक बुरे अनुभव को साझा करते हुए डोनल ने 2020 में अपनी मी टू स्टोरी मीडिया को सुनाई थी। एक्ट्रेस ने बताया था कि साउथ फिल्म में रोल देने के बदले डायरेक्टर ने उन्हें साथ सोने का

# इस अभ्यास को कोरोना के दौरान करें, कई बीमारियां दूर भाग जाएंगी



आपके लगातार चलने का आपके स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। कहा जाता है कि फिट रहने के लिए शरीर को व्यायाम की जरूरत होती है। व्यायाम आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अनुमति देता है। अकेले व्यायाम आपके शरीर को स्वस्थ रख सकता है। क्या खास है कि व्यायाम करने से हम बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। व्यायाम आपके स्वस्थ जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हालाँकि, वर्तमान कोरोना युग में आप व्यायाम करने के लिए बाहर नहीं जा सकते। देश के कई राज्य वर्तमान में तालाबंदी का सामना कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, कई लोगों ने व्यायाम करना बंद कर दिया है। हालांकि, यह इस कोरोना अवधि के दौरान है कि आपको अधिक व्यायाम करने की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस दौरान स्वस्थ रहना और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। वास्तव में घर पर क्या करना है, यह कई लोगों के लिए एक सवाल है। आज हम आपको कुछ खास एक्सरसाइज बताने जा रहे हैं। ऐसा करने से आप स्वस्थ रहेंगे और आपका वजन नहीं बढ़ेगा और आप घर पर ही यह व्यायाम कर पाएंगे। रस्सी पर कूदना ज्यादातर लोग सोचते हैं कि रस्सी कूदना केवल छोटे बच्चों के लिए है। लेकिन सभी उम्र के लोगों को रस्सियों पर कूदना चाहिए। रस्सी कूदना एक सरल व्यायाम है जो हृदय गति में सुधार करता है। यह हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को भी कम करता है। हममें से कई लोग वजन कम करने के लिए कई तरह के प्रयास करते हैं। हालांकि, कोई वजन कम नहीं है। वजन कम करने के लिए रस्सी कूदना बहुत फायदेमंद होता है। इससे आपको तुरंत वजन कम करने में मदद मिलती है। रस्सी कूदते समय आपको कम से कम तीन से चार घंटे तक कुछ नहीं खाना चाहिए। या फिर आपको पेट में दर्द हो सकता है।



## चीन का आतंकी प्रेम

चीन ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ग्लोबल आतंकी नामित करने के प्रस्ताव को रोक दिया है। मक्की को आतंकी घोषित करने के लिए 1267 इस्लामिक स्टेट और अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत प्रस्ताव रखा गया था। चीन ने इस प्रस्ताव को अंतिम क्षण में बाधित कर दिया। मक्की, लश्कर-ए-तैयबा के सरगना और 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार है। मक्की का तालिबान नेता मुल्ला उमर और अल कायदा के अयमान अल-जवाहिरी से बेहद करीबी संबंध है। चीन ने इससे पहले भी भारत और अन्य देशों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने की कोशिशों पर अड़ंगा लगाया है। भारत ने मई 2019 में संयुक्त राष्ट्र में एक बड़ी राजनयिक जीत हासिल की थी जब पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। चीन ने मसूद अजहर को भी वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाई थी। भारत समेत पूरी दुनिया को समझना होगा कि चीन आतंकी देश को पालने वाले पाकिस्तान के साथ आतंकियों को भी बचा रहा है। आतंकियों के खात्मा के लिए चीन के इस कारनामे के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होना होगा। हालांकि, आतंकियों को बचाने के पीछे चीन की कोई रणनीति नहीं है। वह आतंकियों से डरता है। उसे डर है कि कहीं आतंकी सीपीईसी प्रोजेक्ट पर हमला न कर दें। इसीलिए वह पाकिस्तान और पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के बचाव में खड़ा हो जाता है। चीन का सीपीईसी प्रोजेक्ट गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र से ही नहीं जाता है बल्कि यह प्रोजेक्ट पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के मानसेहरा जिले के उस इलाके से भी गुजरता है जो खैबर पख्तूनख्वा में पड़ता है। चीन को इस बात का डर सताता है कि अगर उसने मसूद अजहर या मक्की पर वैश्विक आतंकी घोषित होने पर रोक नहीं लगाई तो कहीं जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी उसके सीपीईसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमला न कर दें। वैसे भी चीन की फितरत रही है कि अपना काम जहां बनता है वह सिर्फ और सिर्फ वहीं काम करता है और यही वजह है कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में चीन के प्रोजेक्ट जो पाकिस्तान में सीपीईसी के जरिए जाते हैं उसको बचाने के लिए वह किसी हद तक यानी आतंकी को भी मदद करने में जुटा हुआ है। चीन सीपीईसी प्रोजेक्ट के तहत पाक अधिकृत कश्मीर में कई जगहों पर पावर प्रोजेक्ट भी बना रहा है। कई ऐसे पावर प्रोजेक्ट उस इलाके से गुजर रहे हैं जहां पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंक का गढ़ बना रखा है। चीन इस बात से डरता है कि कहीं पाकिस्तान को अगर उसने खुश नहीं किया तो उसकी पनाह में पल रहे आतंकी मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा उसके प्रोजेक्ट पर हमला न कर दें जिससे उसे बड़ा नुकसान हो सकता है। चीन को इस बात का भी डर लगता है कि उसके उंगीहार प्रांत में जिस तरीके से लश्कर-ए-तैयबा से समर्थित आतंकी वहां पर हमला करते हैं, उस बात से भी वह डरता है। चीन यह चाहता है कि पाकिस्तान के जरिए वह इस्लामिक वर्ल्ड में अपनी पहुंच बना ले और आतंकवादियों को जिस तरीके से रेडिकलाइज करके चीन के उंगीहार प्रांत में लश्कर और दूसरे आतंकी संगठन भेज रहे हैं उसको भी वह रोक सके। यही वजह है कि वह पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाक सेना को किसी तरीके से नाखुश नहीं करना चाहता है।

# अग्रिपथ बहाना, असल में मोदी हैं निशाना

**अनिल बिहारी श्रीवास्तव**

अग्रिपथ का इस तरह से विरोध? इसे स्व-स्फूर्त प्रतिक्रिया कतई नहीं माना सकता। गहरी साजिश के संकेत मिले हैं। मकसद दो ही हो सकते हैं, सरकार को बदनाम करना और सैन्य भर्ती सुधार में अड़ंगा डालना। मामला गंभीर है। अतः षडयंत्रकारियों को बेनकाब करना बहुत जरूरी है। चार दिनों में 19 राज्यों में दो सौ करोड़ की सरकारी और निजी सम्पत्ति बर्बाद कर दी गई। पुलिस या तो मूकदर्शक की तरह दिखी या बेबस। मानो उसके हाथ बांध दिए गए हैं। समझाइश और सख्ती शुरू हुई लेकिन खासा विलंब कर दिया गया। नुकसान हो ही चुका है। राष्ट्र की छवि पर असर पड़ा होगा। कसक रहेगी कि उपद्रव शुरू होते ही इसे गंभीरता से क्यों नहीं लिया गया? आगजनी, तोडफ़ोड़ और लूटपाट करने वालों पर तुरंत सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई? बिहार में सरकार, प्रशासन और पुलिस के शुरूआती ढीलेपन ने उपद्रवियों का हौसला बढ़ाया। इस समय कोचिंग के धंधे में सक्रिय माफिया संदेह के घेरे में है। कुछ विपक्षी राजनीतिक दलों का रवैया अंगुली उठाने पर विवश कर रहा है। सैनिक भर्ती में सुधार की योजना की घोषणा के चौबीस घण्टे के अंदर विरोध शुरू हो गया। जाहिर है, उपद्रव की साजिश पहले से रची-रचाई थी, बस किसी मौके का इंतजार था। प्रदर्शन, उपद्रव, हिंसा और आगजनी की घटनाएं हैरान कर देने वाली रहीं। ट्रेनें और वाहन साफ्ट टारगेट रहे। नाजुक समय पर भी कुछ पार्टियां बाज नहीं आ रहीं। अग्रिपथ को लेकर शंका व्यक्त की जा रही है। कांग्रेस जैसी पार्टियां योजना रद्द करने की मांग कर रही हैं। प्रचारित किया जा रहा है कि विशेषज्ञों से विचार-विमर्श नहीं किया गया।

राहुल गांधी ने हिंदी में ट्वीट किया- 'दो साल से कोई रैंक नहीं, कोई पेंशन नहीं, कोई सीधी भर्ती नहीं, चार साल बाद कोई निश्चित भविष्य नहीं, सेना के प्रति सरकार ने कोई सम्मान नहीं दिखाया। प्रधानमंत्री महोदय, देश के बेरोजगार युवाओं की आवाज सुनिए, अग्रिपथ पर चलाकर उनके धैर्य की अग्रिपरीक्षा मत लीजिए।' कांग्रेस के इस युवा नेता की बहिनजी ने भी हिंदी में ट्वीट कर कमोवेश ऐसा ही ज्ञान दिया। अग्रिपथ पर ज्ञान देने में कांग्रेस के ही पी.चिदम्बरम, कमलनाथ, अजय माकन के अलावा माकपा के सीताराम येचुरी, भाकपा के डी.राजा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत शामिल हैं। इस मुद्दे पर सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का कूदना आश्चर्यजनक है। क्या सीटू वाले अग्रिपथ को श्रमिक भर्ती अभियान समझ बैठे?

फिलहाल, विषय को राहुल गांधी के ट्वीट से बढ़ाना सही होगा। 2018 वह दृश्य याद करें। मैसूर में एक कार्यक्रम के दौरान एनसीसी पर एक छात्रा के सवाल पर राहुल गांधी के चेहरे पर हवाइयां उड़ रहीं थीं। गनीमत है कि उन्होंने स्वीकार कर लिया था कि वह एनसीसी के विषय में अधिक नहीं जानते हैं। स्वाभाविक है, जानेंगे भी कैसे? जो व्यक्ति कभी एनसीसी का हिस्सा नहीं रहा हो, जिस व्यक्ति ने वर्दीधारी किसी एनसीसी कैडेट को देख कर भी उसके विषय में जानने की कोशिश नहीं की हो, उससे इसी तरह के उत्तर की अपेक्षा की जा सकती है। कितना हास्यास्पद सच है। एनसीसी पर जिसकी जानकारी को लेकर चार सालों बाद भी संदेह कायम है, वह व्यक्ति सेना में भर्ती की योजना पर ट्वीट कर रहा है। क्या यह मौका भुनाने की कोशिश नहीं है? एनसीसी को हमेशा ही सेकेंड लाइन आफ डिफेंस का अहम हिस्सा माना जाता रहा है। अग्रिपथ के विरोध में गला फाड़ रहे राजनेताओं में से कितनों के पास एनसीसी का अनुभव है? अधिकांश राजनेताओं में सेना या सुरक्षा बलों के संबंध में धेले भर व्यावहारिक अनुभव की उम्मीद नहीं की जा सकती। चिदम्बरम का कहना है कि 'अग्रिपथ योजना सेना की लंबे समय से चली आ रही परम्परा और प्रकृति को विकृत करने वाली है।' माकन को चिंता इस बात की है कि 'अग्रिपथ सैनिकों को 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा,उसके बाद वो 42 माह काम करेंगे। चार साल पूरे होने पर उनमें से मात्र 25 प्रतिशत ही सेना में बने रहेंगे। यह सशस्त्र सेना के ठेकाकरण जैसी बात होगी।' येचुरी को लगता है कि 'यह योजना राष्ट्रहित में नहीं है। योजना से पेंशन राशि भले बचा ली जाएगी लेकिन यह हमारी पेशेवर सेना की गुणवत्ता और दक्षता के साथ समझौता करने जैसी बात है।' डी.राजा कटाक्ष करते हैं कि 'मोदी शासन में नौकरी पाना आग में चलने जैसी बात हो गई है।' केजरीवाल स्वयं सरकारी नौकरी छोड़ कर नेतागिरी करने लगे किंतु वह केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं कि 'युवकों को सारा जीवन देश सेवा करने का अवसर देना चाहिए।' समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को सेना और उसकी कार्यशैली का कितना अनुभव है, ईश्वर जानें लेकिन वह भर्ती की इस योजना को सेना और युवकों के भविष्य के लिए घातक मान रहे हैं। मायावती इसे युवकों के प्रति अनुचित निर्णय बता रही हैं। स्वयंभू किसान नेता राकेश टिकैत तक पब्लिसिटी की भूख में बीच में कूद पड़े हैं। अग्रिपथ के विरोध का अधिक असर बिहार में दिखाई दिया। ट्रेनों और रेल्वे स्टेशन को आग लगाये जाने और लूटपाट की घटनाएं हुईं हैं। बड़ी संख्या में वाहनों को आग लगा दी गई, भाजपा के कुछ कार्यालयों पर हमले किए गए। यहीं से राजनीतिक साजिश की बू आने लगी। एक दिन पहले ही पूर्व सेना प्रमुख और वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री जनरल वी.के.सिंह ने साफ शब्दों में कहा था कि 'इस तरह उपद्रव करने वाले युवक किसी भी अनुशासित बल के योग्य नहीं हैं।' उन्होंने उपद्रव और हिंसा के पीछे साजिश की आशंका व्यक्त की थी। उनका मानना है कि 'युवकों को गलत बताया जा रहा है। ईडी द्वारा घेर लिए जाने से सरकार के खिलाफ लोगों को उकसाया जा रहा है।' जनरल सिंह की इस बात में दम है कि 'सेना को भर्ती का केंद्र नहीं मान लेना चाहिए।' सही कहा है सेना बेरोजगारी की समस्या का यह समाधान नहीं है। जनरल सिंह की आशंकाएं सच साबित होती नजर आ रही है। कुछ कोचिंग संस्थान युवकों को उकसाने का काम कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश बिहार के बताये जा रहे हैं। वाट्सएप ग्रुप बना कर भडक़ाऊ बातें फैलाई जा रही हैं। बड़े पैमाने पर उपद्रव के लिए युवकों से कहा जा रहा है। काफी प्रमाण सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लग चुके हैं। साजिश रचने वालों और उपद्रवियों की पहचान शीघ्र कर उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। ग्वालियर में मनोज फौजी नाम के फिजिकल ट्रेनर सहित 50 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपद्रव, हिंसा, आगजनी और तोडफ़ोड़ के आरोप में गिरफ्तार युवकों को अब सेना, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों में सेवा का मौका मिलना संभव नहीं होगा। ऐसे अनुशासनहीन और विध्वंसकारी तत्व सेना में सेवा के योग्य कैसे हो सकते हैं। कुछ विपक्षी पार्टियां और राजनेता स्तरहीन राजनीति पर उतारू हैं। दावे के साथ कहा जा सकता है कि इनमें से अधिकांश को सेना और उसकी कार्यप्रणाली की धेलेभर समझ नहीं होगी। कल ही कांग्रेस का एक विधायक देश को लहूलुहान करने की धमकी देता दिखाई दिया। ऐसी भडक़ाऊ बयानबाजी का मकसद साफ दिख रहा है।

कारगिल युद्ध के बाद ही सेना के मिजाज, तेवर और लड़ाकू क्षमता को और अधिक धार देने की जरूरत महसूस कर ली गई थी। अग्रिपथ योजना से सेना को क्वालिटी प्रोडक्ट मिलेगा, फाइटिंग फोर्स की औसत आयु 32 वर्ष से कम होकर 24 से 26 वर्ष हो जाएगी, पेंशन का खर्च कम होगा जिससे सेना के आधुनिकीकरण के लिए धन उपलब्ध हो सकेगा। भारत में हर साल 50 हजार अग्रिवीरों की भर्ती का निर्णय लिया गया है। इनमें से 25 प्रतिशत चार साल बाद भी सेना में बने रहेंगे। शेष 75 प्रतिशत 12 से 15 लाख रुपये जैसी अच्छी रकम के साथ सेवा मुक्त होंगे। उन्हें कई राज्यों की पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की भर्ती में आरक्षण मिलेगा। सैन्य विशेषज्ञों के बीच दो साल तक चले विमर्श के बाद यह योजना लाई गई है। ऐसी योजनाएं अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और इजरायल सहित लगभग तीस देशों चल रहीं हैं। प्रश्न यह है कि फिर यहां इतना हंगामा क्यों? क्या अग्रिपथ से कोचिंग माफिया को अपना व्यावसायिक नुकसान दिख रहा है? या, वो विदेशी ताकतें पर्दे के पीछे हैं जो भारत को सैनिक रूप से मजबूत होता नहीं देखना चाहतीं? या फिर, वो विपक्षी इसके पीछे हैं जिन्हें नरेंद्र मोदी फूटी आंख नहीं सुहा रहे? सच सामने आना ही चाहिए।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## कहो तो कह दूं – सीने में जलन आंखों में तूफान सा क्यूं है, हर नेता परेशान सा क्यूं है

**चैतन्य भट्ट**



सत्तर के दशक में एक फिल्म आई थी ÷गमन÷ उसमें मशहूर शायर शहरयार का लिखा और जयदेव का संगीतबद्ध किया गया एक गीत बड़ा मशहूर हुआ था गीत के बोल थे ÷सीने में जलन आँखों में तूफ़ान सा क्यूँ है। इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यूँ है÷ ये गीत वर्तमान में नगरीय निकायों के चुनाव में अपनी अपनी किस्मत अपनाने के लिए लालायित नेताओ पर सटीक बैठ रहा है कहते हैं कि जब ÷एसिडिटी÷ बढ़ जाती है तो सीने में जलन होने लगती है अब जो नेता दो ढाई साल से महापौर और पार्षद की टिकिट पाने की आशा में बैठा हो और जब उसकी बजाय वो टिकिट किसी और को दे दी जाती है तो उसके लिए ये ÷अंगूर खट्टे÷ हो जाते है और जब अंगूर खट्टे होते हैं तो एसिडिटी तो बढ़ना ही है, दूसरी तरफ जब टिकिट नहीं मिलती है तो आंखे क्रोध से लाल हो जाती हैं और जब वे लाल होती है तो उनमें तूफ़ान तो उठता ही है, दरअसल टिकिट के लिए यही कहा जाता है कि ÷एक अनार सौ बीमार÷ हर कोई चाहता है की टिकिट रूपी सुंदरी उसको गले लगा ले लेकिन टिकिट भी इतनी बेवफा होती है कब किसके गले का हार बन जाए कोई नहीं जानता, कब किसके दामन से छिटक कर किसी दूसरे की गोद में बैठ जाए, कब किसको अपने अंक पाश में बाँध ले ये किसी को नहीं मालूम, हर नेता चाहता है की वो पार्टी की इतने दिनों से सेवा कर रहा है बरसों से दरी फट्टा उठा रहा है बड़े नेताओं के आगमन पर उनकी जय जय कार करता हुआ जुलूस में शामिल रहता है इसलिए उसका हक़ बनता है कि उसे टिकिट मिले, लेकिन टिकिट होती है एक और उसके चाहने वाले होते हैं कई दर्जन , अब जिस पर बड़े नेताओ की कृपा दृष्टि पड़ जाती है वो उस टिकिट का मालिक बन जाता है और बाकी चाहने वाले टापते रह जाते हैं द्य जब से चुनाव की घोषणा हुई है हर नेता की रातों की नींद गायब हो गयी थी सपने में भी उसे टिकिट दिखाई देती थी लेकिन टिकिट किसी और के पास चली गयी अब गुस्सा आना स्वाभाविक है द्य कई बार दूसरे का मुकद्दर देख कर भी सीने में जलन होने लगती है और आँखों में तूफ़ान सा उठने लगता है सो यही उन सबके साथ हो रहा है जिन्हें टिकिट धता बता कंही और चली गयी द्य इन नेताओं को अपने बड़े वाले नेताओं पर बड़ा ही क्रोध आ रहा है कि वादा तो किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया । अब इतने दिनों से राजनीति में हो इतना भी नहीं समझ पाए कि वादा खिलाफी करना तो नेता का जन्म सिद्ध अधिकार है और वो हमेशा अपने इस अधिकार का उपयोग करता आया है इसलिए अपनी तो इन नेताओं से एक ही अपील है कि यदि अपने आप पर भरोसा है तो बिना पार्टी की टिकिट के चुनाव में खड़े हो जाओ अपनी हैसियतभी पता लग जाएगी और ये भी पता लग जाएगा की चुनाव में कितना धन लगता है द्य

### करोड़पति हैं प्रत्याशी

जो जो लोग महापौर का चुनाव लड़ रहे है उन्होंने अपनी सम्पति का जो विवरण दिया है उसको देख कर यही लगता है कि जब उनके पास करोड़ों की सम्पत्ति है तो काहे को साढ़े तेरह हजार मानदेय वाले महापौर पद के लिए जी जान एक किये जा रहे हो , सच तो ये ही है कि महापौर को कुल जमा सब मिलाकर साढ़े तेरह हजार रूपये मानदेय मिलता है जबकि कलेक्टर रेट पर एक मजदूर की मजदूरी साढ़े बारह हजार रूपये है महापौर तो छोडो पार्षद की हालत तो एक बेलदार से भी बदतर है लाखों रूपये खर्च करने के बाद जब वो नगर निगम में पंहुचता तो उसे हर महीने छह हजार रूपये मानदेय मिलता है यानी एक बेलदार से भी आधी मजदूरी, उसके बाद भी लोग बाग़ पार्षद और महापौर बनने के लिए सब कुछ करने तैयार हैं द्य इंदौर के महापौर के प्रत्याशी के पास तो एक सौ सत्तर करोड़ की संपत्ति हैं मरसडीज और दूसरी मंहगी गाड़ियों का बेड़ा उनके पास है उसके बाद भी वे महापौर बनने के लिए बेताब हैं वैसी ही अब यदि आपको राजनीति में आना है तो आपके पास धनबल और बाहुबल दोनों ही होना चाहिए चुनाव आयोग ने जरूर महापौर के चुनाव के लिए पैंतीस लाख और पार्षद के लिए आठ लाख रूपये खर्च करने की बंदिश लगा दी है लेकिन हर कोई जानता है कि इसके लिए कितना पैसा खर्चा करना पड़ता है।

# चिंता का सबब बनते निरन्तर होते बोरवेल हादसे

### सूडोकु नवताल- 6109

★★★✬☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**योगेश कुमार गोयल**



10 जून को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 80 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 11 साल के राहुल को आखिरकार 104 घंटे के अब तक के सबसे लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल 80 फीट की गहराई वाले बोरवेल में गिरकर 65 फीट की गहराई पर फंस गया था, जिसे निकालने के लिए सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, बिजली विभाग सहित कुल 500 लोगों की टीम जुटी थी। रेस्क्यू के पहले दिन 10 जून की रात को राहुल को मैनुअल क्रेन के माध्यम से रस्सी से बाहर लाने की कोशिश की गई लेकिन बोरवेल के भीतर से बच्चे द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने पर अलग-अलग मशीनों से खुदाई प्रारंभ की गई और करीब 60 फीट की खुदाई के बाद पहले रास्ता तैयार किया गया। बच्चे को निकालने के लिए बोर के समानांतर गड्ढा खोदकर 20 फीट सुरंग बनाकर बच्चे का रेस्क्यू किया गया। सुरंग बनाने के काम में पत्थर की वजह से रेस्क्यू टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी और रेस्क्यू ऑपरेशन 104 घंटे तक चला। अभी चंद दिनों पहले 22 मई को पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़दीवाला के समीप बहरामपुर में भी बोरवेल हादसा हुआ था, जिसमें एक छह वर्षीय बच्चा ऋतिक 300 फीट गहरे बोरवेल में करीब 95 फुट नीचे फंसकर मौत की नींद सो गया था। हालांकि सेना और एनडीआरएफ की टीम ने आठ घंटे के बचाव अभियान के बाद उसे बोरवेल से बाहर तो निकाल लिया था लेकिन अस्पताल पहुंचाने से घंटे भर पहले ही बच्चे की मौत हो गई थी। विगत कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे अनेक दर्दनाक हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें इन बोरवेलों ने कई मासूम बच्चों को जिंदा निगल लिया। हालांकि ऐसे हादसों में कड़ी मशक्कत के बाद कुछ बच्चों को बचा भी लिया जाता है लेकिन अधिसंख्य मामलों में बच्चे बोरवेल के भीतर दम घुटने से मौत की नींद सो जाते हैं। विड़म्बना है कि ऐसे हादसों पर पूर्णविराम लगाने के लिए कहीं कोई कारगर प्रयास होते नहीं दिखते। पिछले कुछ वर्षों से बोरवेल हादसों को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के प्रयासों के बावजूद ऐसे हादसे निरन्तर सामने आ रहे हैं किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि लोग बार-बार होते इस तरह के हृदयविदारक हादसों से सबक ही नहीं सीखना चाहते। ऐसे मामलों में अक्सर सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक जमाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वो स्वचालित तकनीकें क्यों नहीं हैं, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके। सवाल यह भी हैं कि आखिर बार-बार होते ऐसे दर्दनाक हादसों के बावजूद देश में बोरवेल और ट्यूबवैल के गड्ढे कब तक इसी प्रकार खुले छोड़े जाते रहेंगे और कब तब मासूम जानें इनमें फंसकर इसी प्रकार दम तोड़ती रहेंगी। आखिर कब तक मासूमों की जिंदगी से ऐसा खिलवाड़ होता रहेगा? कोई भी बड़ा हादसा होने के बाद प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें तो दोहरायी जाती हैं लेकिन बार-बार सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें कोई घटना सामने आने पर लोगों के उपजे आक्रोश के शांत होने तक ही बरकरार रहती हैं। ऐसे हादसों के लिए बोरवेल खुला छोड़ने वाले खेत मालिक के साथ-साथ ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन भी बराबर के दोषी होते हैं। कई साल पहले हुए प्रिंस हादसे के बाद से लेकर अब तक अनेक मासूम जिंदगियां बोरवेल में समाकर जिंदगी की जंग हार चुकी हैं किन्तु विड़म्बना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद कभी ऐसे प्रयास नहीं किए गए, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। विड़म्बना है कि देश में प्रतिवर्ष औसतन 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं।

## सरकार समझे युवाओं और सेना का आक्रोश

**सनत कुमार जैन**

अग्निपथ के अग्निवीर युवा सड़कों पर पत्थर लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रेनों एवं बसों में आग लगाकर हिंसक प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। सरकार पिछले 4 दिनों से युवाओं के इस हिंसक आंदोलन को जिस हल्केपन से ले रही है। उससे युवा और भड़क रहे हैं। 1975 में युवाओं का आंदोलन इसी तरह से शुरु हुआ था। परिणामस्वरुप तत्कालीन सरकार को आपातकाल लगाने विवश होना पड़ा था। उस समय हालात इतने गंभीर नहीं थे, जितने आज हैं। 2014 के चुनाव प्रचार में वन पेंशन वन रेंक, सेना की शूरवीरता, 2 करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी देने के लोक - लुभावन नारों ने भाजपा के लिए युवाओं ने विजय पथ तैयार किया था। आज वही युवा अग्निपथ के अग्निवीर के विरोध में हिंसक आंदोलन के साथ सड़कों पर है। सरकार सत्ता की ताकत में चूर होकर वास्तविक स्थिति को नजर अंदाज कर रही है। पिछले वर्षों में करोड़ों युवाओं ने स्नातक एवं परास्नातक की परीक्षा पास कर प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से पिछले 8 वर्षों से नौकरी के लिए बड़ी तैयारी की थी। पिछले 8 वर्षों में जो भी सरकारी पद खाली हुए हैं, उन्हें भरा नहीं गया। सेना, बैंक और रेल्वे हर साल बहुतायत में भर्तियॉ करते थे। पिछले 8 वर्षों से यह भी लगभग बन्द है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के साथ - साथ सार्वजनिक संस्थानों में लाखों पद रिक्त हैं। मंहगाई और बेरोजगारी से तृस्त युवा सरकारी नौकरी पाने की उम्र से बड़े हो रहे हैं। जिन युवाओं को आशा थी, उनके द्वार भी सरकारी नौकरी में बंद हो गए हैं। ऐसी स्थिति में युवाओं का आक्रोशित होना स्वाभाविक भी है। सेना में पिछले दो वर्षों मे जो परिक्षाएं हुई, उनमें नियुक्ति नहीं हुई। इसी बीच सरकार ने अग्निपथ योजना में 4 वर्ष के लिए सेना में अग्निवीर की नियुक्ति करने का ऐलान कर दिया। इससे बोरोजगार युवा बुरी तरह भड़क गए हैं। पिछले 75 वर्षों में भारतीय सेना में कार्यरत सैन्य जवानों एवं अधिकारियों के बच्चे परम्परागत रुप से सेना की नौकरी में जाते हैं। पूर्व सैनिकों के परिवार में देश सेवा एवं शोर्य को लेकर जो गर्व की भावना रहती थी। अग्निपथ योजना से सबसे ज्यादा प्रभावित सेना के परिवार भी होने जा रहे हैं। इनके घर के बच्चे सेना की नौकरी में जाने का बचपन से ही मन बना लेते हैं। ऐसी स्थिति में सैन्य परिवारों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। भारत में इस समय लगभग 30 करोड़ उच्चशिक्षित युवा बोरोजगार हैं।

# विभिन्न प्रकार के योगा करना शरीर के लिए लाभदायक होते हैं: रूस्तम सिंह





## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**मुरैना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र मुरैना पर प्रातः 7:30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, भाई-बहनों सहित शहर के गणमान्य लगभग 250 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह पूर्व मुख्य चिकित्सा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.सी बांदिल, जिला खाद्य अधिकारी भीम सिंह तोमर, कवियत्री श्रीमती संध्या सुरभि एवं अशासकीय संगठनों से जुड़े प्रदीप व्यास तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रेखा बहन उपस्थित रहे। सभी का चंदन टीका लगा कर व पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात ब्रम्हाकुमारी रितिका बहन द्वारा विद्यालय का परिचय दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि योगा मैं 40 साल से कर रहा हूं, जिस समय में कई विशेष जिम्मेदार पदों पर कार्य करता था, तब भी नियमित योगा करता था। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के योगा करना शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी के आग्रह करने पर उन्होंने स्वयं सभी लोगों को किस तरह से योगा करना चाहिए करके दिखाया। इस दौरान उन्होंने ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने डॉ आर.सी बांदिल को कहा कि आप एक बहुत अच्छी संस्था से जुड़ गए हैं और मानव कल्याण का कार्य कर रहे हैं। सभी लोग संस्था से और अधिक मात्रा में जुड़ें और जन कल्याण में सहयोग प्रदान करें। इसी क्रम में डॉ आर.सी बंदिल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के बारे में सभी लोगों को विस्तार से समझाया और ग्रामीण किसान कैसे आत्मनिर्भर बने उस पर जोर दिया तथा कैसे स्वस्थ रहें उसके लिए बताया। योगा करना शरीर के लिए जरूरी है। राजयोगनी ब्रह्माकुमारी रेखा बहन द्वारा योग और योगा में जो अंतर होता है सरल भाषा में स्पष्ट किया और बताया योग मतलब परमात्मा से मिलन कराना। योगा द्वारा संपूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल करना होता है। शांति की प्राप्ति के लिए अच्छा स्वास्थ होना जरूरी है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। योग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा और योगा द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कार्यक्रम में दीपक मंगल, नितिन भाई ने सूर्य नमस्कार करना बताया और अंत में बीके रेखा बहन द्वारा पूर्व मंत्री को शॉल उड़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया व ईश्वरीय सौगात प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर सभी भाई बहनों बालिकाओं और सभी गणमान्य लोगों को प्रसाद के रूप में मैंगो जूस पिलाया। आयोजन के अंत में श्रीमती संध्या सुरभि ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का आभार प्रकट किया।



## चुनाव में सुरक्षा का एहसास कराने पुलिस ने अति संवेदनशील ग्रामों में निकाला फ्लैग मार्च

**अंबाह।** पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इलाके में शांति, सौहार्दपूर्ण भाईचारा एवं सुरक्षा का संदेश देने के उद्देश्य से अति संवेदनशील क्षेत्र में एसडीओपी परमाल सिंह मेहरा एवं अंबाह नगर निरीक्षक रविंद्र कुमार की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस के अधिकारियों व जवानों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे एसडीओपी परमाल सिंह मेहरा ने बताया कि आगामी एवं 25 जून को पंचायत के चुनावों को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं भयमुक्त तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के मद्देनजर आम जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने व पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस के जवानों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया है। शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा चुनावों को निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले, आमजन को उकसाने, भड़काने व शांति भंग करने वाले असामाजिक शरारती स्वार्थी तत्वों पर पुलिस द्वारा लगातार कड़ी निगाह रखी जा रही है।

## केबल टेलीविजन पर विज्ञापन सम्बंधी दिशा-निर्देश जारी

**मुरैना।** नगरीय निर्वाचन के दौरान उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया, एफएम रेडियो पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों तथा पेड न्यूज पर सतत निगरानी रखी जायेगी। इसके लिये जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं प्री-सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों से आग्रह किया गया है कि प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी तरह के विज्ञापन जारी करने के पहले अनुमति जरूर प्राप्त करें। बगैर अनुमति के विज्ञापन-प्रकाशन पर कार्रवाई का प्रावधान राय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है। आयोग ने यह निर्देश दिये है कि उम्मीदवारों तथा समर्थकों आदि द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों का खर्च प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टीएसएस में हुआ योग सत्र का आयोजन




**मुरैना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न प्रकार की योगा व बच्चों द्वारा पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से योग प्रशिक्षक के रूप में तहसीलदार सिंह वैसला, श्रीमती कृष्णा, आरसी त्यागी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब स्वास्थ्य और उचित जीवन शैली को बनाए रखने की बात आती है तो योगा अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार में छात्रों ने योगा की विभिन्न भूमिकाओं को सीखा है। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से अनेकों प्रतिभागियों ने योगासन किए व पिरामिड बनाए तथा सूर्य नमस्कार और ऊँ जप जैसी क्रियाएं प्रस्तुत की व छात्रों द्वारा टीएसएस योगा डे का निर्माण किया गया, जिसका सभी छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि पतंजलि महिला संगठन प्रमुख श्रीमती कृष्णा ने कहा कि प्रतिदिन योगा अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग सभी स्वास्थ्य समस्याओं का का समाधान है और यह देवताओं के साथ संवाद करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली क्रिया है। इसलिए इसे हमेशा अपने जीवन में योगासन करने की एक नियमित आदत बना लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नगर निगम की सीवेज व्यवस्था ध्वस्त, घरों में घुस रहा है पानी



**मुरैना।** अभी बारिश का मौसम शुरू ही हुआ है कि हल्की बारिश ने ही नगर निगम की सीवेज व्यवस्था की पोल खोल दी है। झमाझम बारिश होने पर तो क्या ही कहने। यह हाल तो वैसे पूरे नगर निगम में ही है जैसे पुराना बस स्टैंण्ड, गांधी कॉलोनी, गोपालपुरा, गणेशपुरा, जौरा रोड, बस स्टैंण्ड ओवर ब्रिज के नीचे। इसी जल भराव की समस्या को लेकर आज वार्ड क्र. 09 के रहवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके अनुसार दो साल पहले नगर निगम ने जौरी रोड पर नाला निर्माण कराया था लेकिन बेतरतीब ढंग से किये गये काम की वजह से रहवासी दो साल से परेशान हैं। इस संदर्भ में कई बार संबधितों को मौखिक एवं लिखित रूप में अवगत कराया गया है लेकिन नतीजा वही आश्वासन पे आश्वासन। चूंकि चुनाव के चलते जन सुनवाई बंद है। अतः रहवासियों ने कलेक्ट्रेट में नगर निगम कमिश्नर संजीव जैन को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया। कमिश्नर ने कहा कि तालाब तथा नाले के पानी को निकालने के लिए 35 लाख रुपए का टेंडर हो चुका है। निगम कमिश्नर ने मौके पर ही ठेकेदार को फोन कर तुरंत काम चालू कराने के निर्देश दिए हैं।




## जन शिक्षण संस्थान में 8वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**भिण्ड।** जन शिक्षण संस्थान भिण्ड (कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा बीरेन्द्र बाटिका परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 06:30 से 8:00 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालित करते हुये श्री राजौरिया ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम मानवता के लिये योग रखी गयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन रहता है जिसके फलस्वरूप सद्विचार व सोच का निर्माण होता है व अच्छे विचारों से एक सतचरित्र का निर्माण होता है जो समाज में सदव्यवहार कर एक अच्छे समाज का निमार्ण कर समृद्ध राष्ट्र में सहभागी होता है। इसलिये हमें कम से कम एक घंटा प्रतिदिन प्रातः अपने शरीर को योग के लिये देना चाहिये। इसी लिये कहा गया है करो योग-रहो निरोग। इस अवसर पर पतंजलि योग विद्या पीठ के योगाचार्य श्री उपाध्याय द्वारा सभी उपस्थित महानुभावो को योग व प्राणायाम के आठ प्रकार बताए गये व करवाये गये। सभी आठ योगो की उपयोगिता विस्तार से बताते हुये श्री उपाध्याय ने उनसे होने वाले लाभ व विभिन्न परेशानियों से बचाव के बारे में बताया। इस अवसर पर योगाचार्य श्री उपाध्याय के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिलामंत्री उपेन्द्र राजौरिया, समाज सेवी, जयपाल सिंह कुशवाह, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे, मनोज कुमार दीक्षित, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, कु0 अंजली शर्मा, अजय सिंह कुशवाह, अमित शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश एवं रामवीर आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने किया योगाभ्यास व योग का महत्व भी समझा



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जेसीआई मुरैना जागृति ने किया शिविर का आयोजन

**मुरैना।** स्वयं सेवी संगठन जेसीआई मुरैना जागृति ने 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संगठन की महिलाओं ने योगाभ्यास किया और शारीरिक, मानसिक सेहत के लिए योग के महत्व को जाना। कार्यक्रम का आयोजन योग हमें अपनाना है-स्वस्थ समाज बनाना है थीम पर किया गया। बांदिल नर्सिंग होम में सुबह 6 बजे आयोजित कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मीरा बांदिल तथा कंचन चावला रहीं। योग शिवर में मुरैना के जुंबा क्लासेस के संचालक अजय अमर और कंचन चावला ने जेसी और नॉन जेसी सदस्यों को विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, योगा तथा मेडिटेशन कराया। डॉ मीरा बांदिल ने कहा कि नियमित रूप से योगा, मेडिटेशन करने से शरीर फिट तथा मन शांत रहता है। योग से तनाव दूर होता है और नींद अच्छी आती है। योग करने से विभिन्न रोगों जैस बीपी, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार होता है और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसलिए हर उम्र के व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में जेसीआई की फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन, वर्तमान प्रेसिडेंट मधु सिंघल, सचिव ज्योति मोदी, पास्ट प्रेसिडेंट नीलम अग्रवाल और मधु सिंघल लता गोयल,सपना बंसल, राखी यादव उपस्थित रहीं।

## खेलो से होता है शारीरिक और मानसिक विकास: अंजली गुप्ता



**अंबाह।** इलाके के बच्चो को प्राचीन खेलों की परंपरा से रूबरू कराने के लिए रिटर्न टू ओल्ड गेम कार्यक्रम का सात दिवसीय आयोजन टेकचंद जैन स्कूल के सामने श्री जयश्वर महादेव पार्क में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक किया गया, जिसमें बच्चों को रस्सी कूद, सितोलिया, गुल्ली डंडा, दौड़, कुश्ती सहित अनेक खेलों से अवगत कराया गया। इस आयोजन का मंगलवार को समापन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजलि गुप्ता आयोजक ने कहा कि आधुनिक दौर में बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और इंटरनेट की कृत्रिम दुनिया से दूर प्रकृति से जुड़े खेलों का अनुभव कराने के लिए यह आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के साथ शामिल हुए। इस आयोजन में बच्चे प्राचीन खेल खेलकर स्वयं को स्फूर्ति और तरोताजा महसूस करते भी दिखे। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है जो हमारे जीवन के लिए जरूरी है। इस मौके पर श्रीमती अंजलि गुप्ता, पूजा गुप्ता, गीता विजय गुप्ता, अलका गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग है अनिवार्यः प्राचार्य शिबराज सिह तोमर

**केशब पंडित जी पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह...** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दिनांक 21 जून 2022 को 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, भिंड के तत्वाधान में अंबाह महाविद्यालय एनसीसी सब यूनिट द्वारा अंबाह महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 एनसीसी कैडेट तथा एनएसएस और रेड क्रॉस के भी विद्यार्थियों सहित कुल 200 विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। आज के कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा कैडेटों ने योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री ,मध्य प्रदेश के संदेश प्रसारण तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेश प्रसारण को सुना इसके पश्चात योगाचार्य श्री देवेंद्र कुमार लोहिया जी के निर्देशन में कैडेटों ने योग के महत्व को समझते हुए योग कार्यक्रम में भाग लिया। योग शिविर में योग आसनों को बताते हुए लोहिया जी ने बताया कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति पांच तत्वों से हुई है वायु, जल, अग्नि,




आकाश और पृथ्वी। इन में से किसी एक तत्व के असंतुलन से जीवन भी असंतुलित हो जाता है और शरीर में कई प्रकार के विकास एवं रोग उत्पन्न हो जाते हैं जिनको योग के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। आज के इस कार्यक्रम में लोहिया जी ने भस्त्रिका,अनुलोम विलोम,कपाल भारती तथा अन्य योगासनों के विषय में विद्यार्थियों को बताया तथा इनसे जीवन में पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग से बीमारियों को दूर रख स्वयं को मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। योग की शरण में ही जाकर शरीर एवं मन को स्वस्थ रखा जा सकता है और जीवन में नैतिक मूल्यों को विकसित किया जा सकता है। मेजर वीके जैन ने कैडेटों को अपने जीवन में योग को धारण करने की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि योग से आत्म शुद्धि होती है। योग से केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं होता अपितु योग का महत्व मन के विकारों को भी दूर करने में होता है। योग वेदों से लिया गया है तथा हमारे देश में प्राचीन ऋषि-मुनियों के द्वारा भी इस को अपनाया गया है।

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज शर्मा द्वारा किया गया जिन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में योग आचार्य श्री देवेंद्र लोहिया जी, प्राचार्य जी तथा अन्य सम्मानीय अतिथियों का स्वागत करते हुए योग दिवस पर समस्त कैडेटों को शुभकामनाएं दी। लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने भी योग दिवस के अवसर पर कैडेटों को योग के महत्व को बताया । राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ. शशि बल्लभ शर्मा ने भी समस्त विद्यार्थियों को योग दिवस पर शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय से वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर व्ही,मेडेकर, डॉ.कमल भारद्वाज, एनएसएस अधिकारी डॉ श्रीमती रक्षा कमठान, श्री पंकज सिंह भदौरिया, रेड क्रॉस प्रभारी श्री मुकेश श्रीवास ,स्पोर्ट ऑफिसर श्री वीरेन्द्र सिंह गुर्जर और श्री राम नरेश शर्मा ने भी योगाभ्यास में भाग लिया। 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी- भिंड से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने हेतु सूबेदार राजवीर सिंह तोमर, हवलदार जवाहर यादव ,हवलदार गिरधावल सिंह भदोरिया जी उपस्थित रहे ।

कैडेटों में सीनियर अंदर ऑफिसर आयुष गुप्ता,विपिन सिंह तोमर,अर्जुन सिंह,सतेंद्र सिंह,अनुज सिंह,पूजा गुप्ता का आयोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

## विद्यार्थियों के जीवन में योग अत्याधिक महत्वपूर्ण - प्राचार्य



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार आज दिनांक 21 जून 2022 को एम जे एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाया गया जिसमें छात्र- छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। यह कार्यक्रम क्रीड़ा अधिकारी अरविंद गोरखपुरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित आदित्य दुबे द्वारा समस्त विद्यर्थियों व शिक्षकों को योग कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एमजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनूप श्रीवास्तव उपस्थित रहे। योग्याभ्यास में स्वयंसेविका अश्विनी श्रीवास, अदिति भदौरिया, मोहिनी, अंशुल, अभिषेक श्रीवास, शिवम, अंकित आदि के साथ-साथ समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को स्वल्पाहार भी वितरित किया।

### खारघर काठमोठे मैदान में अंतरराष्ट्रिय योग दिवस बनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मुबई** ~खारघर आईजी मैदान खारघर नवी मुंबई में खेल परिवार के खिलाडीयों ने योग दिवस पर योगा अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया ।जिसमें आईजी खेल परिवार खारघर के बड़ी संख्या में योगा अभ्यास किया ।इस कार्यक्रम में पकिया भाई ने बताया कि भारत के त्रृषि मुनियों व संतो ने योग का संदेश दुनिया के कोने कोने तक पहुंचाया है ।दुनिया भर में योग को दिल से अपनाया है ।स्वस्थ रहने का मूल मंत्र आज दुनिया तक पहुँचा है ।स्वस्थ शरीर परिवार, समाज और सशक्त भारत के निर्माण के लिए आमजन को योग करना चाहिए ।इस कार्यक्रम में सीरवी खेल परिवार के सदस्य जितेंद्र, गणेश, सेठ अनिल, हुकमाराम, गणेश, पकिया भाई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

## योग प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** – 21 जून अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने एक दिवसीय प्रशिक्षण योगा शिविर नगरपालिका वीर सावरकर पार्क सुबह 6~00 बजे लगाया जिसमें योग प्रशिक्षक टिंकल जैन ने संस्था के सदस्य और आए हुए सदस्यों को योगा के बारे में जानकारी दी और उसका हमारे जीवन में कितना महत्व है इसके बारे में भी बताया और योगा के आसन भी हम लोगों को सिखाएं अध्यक्ष जेसी आशु अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं के जीवन में योग बहुत जरूरी है उनको अपने को तंदुरुस्त रखने के लिए अपने जीवन में योग के लिए थोड़ा सा समय निकालना जरूरी है क्योंकि वह लोग फिट रहेगी तभी घर फिट रहेगा योग शिविर में 50 लोगों ने भाग लिया इसमें सभी महिलाएं थी 21 जून को ही दूसरा प्रोग्राम जेजे विंग्स के बच्चों के लिए एरोबिक्स जुंबा और डांस का भी किया गया जिसमें महिलाओं और जेजे विंग्स कि बच्चों द्वारा एरोबिक्स जुंबा और डांस भी किया यह भी प्रशिक्षक सुखवीर के द्वारा करवाया गया उन्होंने इसके बारे में भी बच्चों और महिलाओं को समझाया कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक ट्विंकल जैन का सम्मान माला और गिफ्ट देकर किया गया और सचिव जेसी रश्मि गोयल ने उनका आभार प्रकट किया कार्यक्रम में सहयोग किया जेसी नीतू जैन ऐसे में डायरेक्टर जेसी प्रियंका शिवहरे जेसी रुचि मंगल जेसी अनुराधा मंगल और जे जे विंक के बच्चों का सहयोग रहा




## लहार पुलिस ने आमजन को संदेश देकर निकाला फ्लैग मार्च।

### थानाप्रभारी शिव सिंह यादव ने ग्रामीणों से की निडर होकर मतदान करने की अपील

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के निर्देशन में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त कराने हेतु अपने जवानों के साथ लहार थाना प्रभारी शिव सिंह यादव,उपनिरीक्षक मदन सिंह तोमर,उपनिरीक्षक बन्दना शर्मा व उनकी पुलिस टीम ने लहार थाना क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्रामों में जाकर फ्लैग मार्च निकाला इस दौरान थाना प्रभारी शिव सिंह यादव ने लोगों से पूछा की ऐसा व्यक्ति तो नहीं हैं, जो अवैध शराब बेच रहा हो। कोई अवैध हथियार लेकर तो नहीं घूम रहा, कोई डरा धमका तो नहीं रहा। यदि आप लोगों को कोई बेबजह परेशान कर रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे।उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी। आप लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। मतदान के दिन समय पर व निडर होकर मतदान करें।



## निगम कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करेंगेः डॉ. शोभा सिकरवार

### जनसम्पर्क में उमड़ा जन सैलाब, बोली विकास किया है,विकास करेंगे

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि निगम के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराना मेरी प्राथमिकता होगी। निगम कर्मचारियों के बीच पहुंची डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने यह बात कही। सुबह-सुबह सड़कों पर निकली डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आम नागरिकों से भी मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि शहर का विकास आमजन की सलाह-मशविरा कर करेंगे।

महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 1 व 2 में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क में उमड़े जन सैलाव के बीच नागरिकों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत कर फूल मालाओं से लाद दिया। नागरिकों द्वारा सर पर हाथ रखकर आर्शीवाद दिया जा रहा है। नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोग आतिशबाजी चलाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत कर रहे है। साथ ही मतदाताओं के बीच डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि आप सबके आर्शीवाद से कांग्रेस की जीत होगी और ग्वालियर शहर के विकास के नये द्वार खुलेंगे। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 34 व 35 में जनसम्पर्क कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ किया। डॉ. सिकरवार ने कहा कि खस्ता हाल सड़कें, पेयजल समस्या और गन्दगी के लगे ढेर भाजपा के विकास के दावों की पोल खोल रहे है। हम विश्वास दिलाते है काम किया है और हर क्षेत्र मे विकास व प्रगति के कार्यो को गति देंगे। कांग्रेस का एक ही नारा ''विकास में ग्वालियर नम्बर वन हो हमारा''। उन्होंने कहा कि जनमानस का पहले की तरह इस चुनाव मे भी आर्शीवाद मिलेगा, कांग्रेस मजबूत होगी तो समस्याएं खत्म होगी।



## फायरिंग में 6 एमपी एनसीसी के कैडेटों ने किया नाम रोशन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** 6 म.प्र. स्वतंत्र कंपनी एन सी सी के कैडेटों ने फायरिंग में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए 05 मैडल अपने नाम किये। सर्वप्रथम सी ए टी सी - 1 छिंदवाड़ा कैम्प में उम्दा फायरिंग करते हुए 05 कैडेटों का चयन आगे सी ए टी सी - 2 जबलपुर के लिये हुआ। जबलपुर में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कैडेटो के बीच फायरिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 6 म.प्र. स्वतंत्र कंपनी एन सी सी के पांचों कैडेटों ने सटीक निशाना लगाया तथा निदेशालय की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। शासकीय एस सी पी महाविद्यालय के कैडेट विवके हनवत पीप साइट फायरिंग में प्रथम स्थान पर रहे, पी जी महाविद्यालय के सीनियर अंडर आफिसर खुमेश देशमुख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, भरत मानेश्वर ने एयन राइफल केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय के कैडेट आदित्य चिखले ने ओपन साइट कैटेगरी में द्वितीय स्थान तथा वीरांगना रानी दुर्गावती विद्यालय, बालाघाट की कैडेट अर्चना दमाहे ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ये सभी कैडेट अखिल भारतीय जी वी मावलंकर निशानेबाजी प्रतियोगिता में चयन के लिये मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए चंडीगढ़ में 04 जुलाई से 15 जुलाई तक इन्टर डायरेक्ट शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह सफलता 6 म.प्र. एन सी सी कंपनी के कमाडिंग आफिसर लेफिट कर्नल एम रविचंद्रन के मार्गदर्शन तथा समस्त पी आई स्टाफ एवं ए एन ओ की मेहनत के फलस्वरूप प्राप्त हुई है।



## अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर सिविल न्यायालय मेहगांव और उप जेल मे प्रातः योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया





**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** उक्त कार्यक्रम श्री अशोक गुप्ता ए डी जे सर श्री राकेश कुशवाहा, सुश्री दीक्षा शर्मा मेहगांव, सुश्री कल्पना कोतवाल, श्रीमती प्रियंका कुशवाहा समस्त न्यायाधीशगण इवं अधिबक्तगण तथा समस्त न्यायालयन कर्मचारीगन उपस्थित रहै उक्त शिविर मे माननीय श्री अशोक गुप्ता जिला जज मेहगांब के द्वारा समझाया गया की हमें योगा को अपने रोज के दिनचर्या मे शामिल करना चाइये. इससे हमारे शरीर मे कोई भी वीमारी नहीं होते और हमारा शरीर स्वास्थ और निरोगी रहता है उक्त कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात उप जेल मेहगांव मे जेल बंदी के लिए योगा दिवस के उपलक्ष्य मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन माननीय श्री अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव के द्वारा किया गया उक्त शिविर मे समस्त जेल बंदी को योगासन करवाया गया एवं उन्हें प्रतिदिन योगा करने के लिए निर्देशित किया गया उक्त शिविर मे समस्त न्यायाधीशगण मेहगांव एवं योगासन के गुरु जी, उपजेल अधीक्षक रामगोपाल गणेश पाराशर हरीश चंद्र शर्मा श्यामसुंदर त्यागीएवं जेल प्रहरी उपस्थित रहे उक्त शिविर मे कुल 140 जेल बंदी लाभन्वित हुए.



### पत्रकार ने शराब माफिया शिवहरे के खिलाफ समाचार लगाया तो जिला बदल गुंडों के साथ पत्रकार के घर आकर दी जान से मारने की धमकी

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-कोलारस विधानसभा में नगर पंचायत चुनाव के चलते पूर्व में अध्यक्ष रहे रविंद्र शिवहरे (शराब माफिया) द्वारा नगर में 15 बाडो में निर्दलीय प्रत्याशी खड़े किए हुए हैं जो कि रात्रि में चुनाव मतदाताओं को दारू व पैसों का लालच देकर नगर की भोली भाली जनता को गुमराह कर वोट एकत्रित करने में जुटा जिसकी खबर पत्रकार मुकेश द्वारा खबर प्रकाशित की गई इसके अलावा ग्रामीण में चल रहे पंचायत चुनावों में अवैध दारू का गोरख धंधा चला रहा है जिसकी लाइसेंसी दुकान कम है लेकिन घर घर आपकारी नियम को ताक पर रखकर नियम के विरुद्ध 220 फुट की दूरी पर दुकानें स्थित होना चाहिए वह भी नगर के बीचो बीच चला रहा है राजनीतिक दबाव के चलते व प्रशासनिक अधिकारियों को लेनदेन कर की खबर प्रकाशित की थी उसी खबर को लेकर शराब माफिया पत्रकार मुकेश के घर पर आधा दर्जन जिले बदल बदमाशों को लेकर अध्यान लेकर जान से मारने की धमकी व मोबाइल साथ में ले गया जिसकी शिकायत एसपी महोदय व थाना प्रभारी को दो दर्जन पत्रकारों सहित शिकायत दर्ज की है कार्यवाही की जाए तथा उसकी जान से मारने की धमकी की वीडियो भी पत्रकार के पास मौजूद है



# मानवता के लिए योग थीम पर एनएसएस ने मनाया 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** योग हमारी शारीरिक, मानसिक व आत्मिक शक्ति को मजबूत बनाता है- प्राचार्य पीएस चौहान। मन और शरीर के बीच विश्रांति और सामंजस्य स्थापित कर आत्मसाक्षात्कार कराता है, योग - आशुतोष साहू। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और आयुष विभाग के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र भिंड के संयुक्त तत्वाधान में आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1,भिंड के मैदान में किया गया । जिसमे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 व सीएम राइज उ मा विद्यालय क्रमांक 2 के छात्र- छात्राओं और शिक्षकों के साथ नेहरू युवा केंद्र युवा मंडल,एन.एस.एस.,विधिक साक्षरता क्लब एवं पतंजलि योग पीठ ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिंड के जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरव कुमार दुबे ,नेहरू युवा केंद्र भिंड के जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू, आर एस वर्मा लेखा अधिकारी ,सीएम राइज एवम क्रमांक 1 के प्राचार्य पी एस चौहान, वरिष्ठ व्याख्याता व्ही पी पाण्डेय, आर बी शर्मा, एनसीसी अधिकारी उपेंद्र भदौरिया,नीतू सिंह,शिवराज सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर, पीटीआई आनंद दुबे, पतंजलि योग पीठ के प्रशिक्षक कृपाल सिंह, सुनील कुमार, जैन साहब, सोनाली अग्रवाल,मधु दीक्षित एवं डॉ प्रतिमा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शासन के सामान्य प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया गया। माननीय मुखमंत्री जी एवं माननीय प्रधान मंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से सुनवाया गया। इसके बाद प्रार्थना के साथ योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात सर्वप्रथम खड़े होकर किए जाने वाले आसन,फिर बैठकर,लेटकर किए जाने वाले निर्धारित आसनों का अभ्यास एवम कपालभाती,अनुलोम विलोम तथा भ्रामरी प्राणायम करवाया गया। अंत में संकल्प और शांति पाठ के साथ समापन कार्यक्रम का समापन हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर व पीटीआई आनंद दुबे द्वारा कराया गया।आभार प्राचार्य पी एस चौहान ने किया। योगाभ्यास के दौरान चालन क्रियाएं, शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवा चालन, स्कंध,कटि एवं घुटना संचालन की क्रियाएं, खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन ,अर्ध चक्रासन व त्रिकोणासन का अभ्यास कराया गया। बैठ कर किए जाने वाले आसनों में दंडासन, बज्रासन, उष्ट्रासन,वक्रासन, उदर के बल लेटकर किए जाने वाले आसन भुजंगासन शलभासन, मकरासन और पीठ के बल लेटकर सेतुबंध आसन ,पवनमुक्तासन एवं शवासन का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम में कपालभाति, नाडी शोधन,अनुलोम विलोम व भ्रामरी प्राणायाम और शांभवी मुद्रा में ध्यान करवाया गया।अंत में संकल्प व शांति पाठ के साथ योग कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में एन.वाई.व्ही. आशुतोष शर्मा,अंकित दुबे,कुमारी भारती, कीर्ति, सपना परमार,शैलेंद्र, एनएसएस वॉलंटियर्स संतोष कुमार,वैशाली,आरती यादव,उदय प्रजापति, श्वेता राजावत,पल्लवी,हर्ष भदौरिया,शिवम राठौर, नीरज,मीनाक्षी दुबे की सक्रिय सहभागिता रही।



# बरषात में होने बाली बीमारियो से हम कैसे बच सकते है जाने बिस्तार से...डा. राकेश शर्मा मेडीकल ऑफीसर अम्बाह

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** मेडीकल ऑफीसर राकेश शर्मा ने बताया कि बरषात के मौसम में बीमारियां फैलने का अधिक खतरा रहता है। इस मौसम में होने वाली बीमारियां खतरनाक साबित हो सकती है। इससे सावधानी बरतने की आवश्यकता है, लापरवाही जानलेवा हो सकती है।



### बरषात के मौसम में होने वाली बीमरियां

डॉ. शर्मा ने बताया कि सर्दी, जुखाम, बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा एवं टाइफाइड हो सकते है। सर्दी, जुखाम, बुखार से बचने के लिए बारिश में ज्यादा देर तक न भीगे, भीगने से बचे, भीगने पर शरीर को साफ कपड़े से पौछे तुरंत कपड़े बदले। मलेरिया से बचने के लिये अपने घर के आसपास पानी इक्कठा न होने दें, अगर कही आस पास पुराने टायर कूलर रखे हो तो दूर रखे हैजा से बचने के लिए घर के आसपास सफाई रखें, गंदा पानी उपयोग में न लायें, पानी को छानकर या उबालकर उपयोग करें। टाइफाइड खतरनाक बीमारी में से एक है। यह संक्रमित जल व दूषित भोजन से होता है, इस बीमारी में तेज बुखार आता है एंव कई दिनों तक रहता है। इस बीमारी का संक्रमण रोगी के पित्ताशय में रहता है, टाइफाइड होने वाले रोगी से दूर रहना चाहिए और चिकित्सक से दवा लेनी चाहिए। बालरोग बिशेषज्ञ डॉ. प्रमोद शर्मा ने आम जनता से अपील की है कि बरषात के मौसम में बच्चो पर बिशेष ध्यान दे दूसित खाना पानी बिल्कुल बच्चो को न खिलाये बच्चो में पानी की कमी न आने दे ओआरएस का घोल जरूर दे छोटे बच्चो को मॉ का ही दूध पिलाये ऊपर दूध बिल्कुल न दे बरषात में होने वाली बीमारियों से बचाव जरूरी है। अगर बचाव न किया जाये तो यह खतरनाक हो सकती है। इसलिए कोई भी बीमारी होने पर चिकित्सक को अवश्य दिखायें, जिससे रोग की पहचान की जा सके

# कक्षा दसवीं की विज्ञान विषय की पूरक परीक्षा 2 जुलाई को

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल पूरक परीक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा अब 2 जुलाई को होगी। पूर्व में यह 1 जुलाई को निर्धारित थी। परीक्षा कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन वर्ष की समय सारणी को दृष्टिगत रखते हुए संशोधन किया गया है। शेष विषय की परीक्षाएँ निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही ली जायेगी।

## केंद्रीय विद्यालय शहडोल दिनांक 15 जून 2022 से 21 जून 2022 तक योग कार्यशाला का आयोजन किया गया

**शहडोल।** केंद्रीय विद्यालय शहड़ल में प्राचार्य महोदय द्वारा योग के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि योगाभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए फायदेमंद है योग शरीर को रोगमुक्त रखता है भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है योग भारती संस्कृत से जुड़ा है जो अब विदेशों में भी फैल रहा है योग के विदेशों में प्रसारित करने का श्रेय हमारे योग गुरुओ को जाता है जिन्होंने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में बताया 7 इसके साथ ही विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. आर. डे. एवं अन्य समस्त शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया गया केंद्रीय विद्यालय शाहदोल द्वारा ऐतिहासिक स्थल बानगंगा विराट मंदिर में योग का आयोजन किया गया जिसमे प्राचार्य डॉ. बी. आर. डे.,के साथ श्री अरुण कुमार गुप्ता, श्री अखिलेशधर दुबे व श्री सुभाष चंद्र श्री बी पी मिश्रा , श्री प्रवेन्द्र कुंडे , श्री राजेंद्र विश्वकर्मा मिलकर योग किया गया इसमें ताड़ासन, योगासन ,प्राणायाम जैसे अभ्यास कराए गए प्रतिदिन सभी छात्रों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उनके द्वारा किए गए योगासनों का 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के रूप में मनाया गया विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. आर. डे. एवं सभी शिक्षकों ,छात्रों तथा अभिभावकों के द्वारा सामूहिक रूप से योगासन का अभ्यास किया गया योग शिक्षक श्री संजय सिंह राठौर द्वारा योग अभ्यास किया गया7 जिन्होंने अनेक प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रमरी प्राणायाम, ताड़ासन का अभ्यास कराया एवं कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. बी. आर. डे. ने विश्व योग दिवस के महत्त को बतलाते हुए बताये कि इस वर्ष का थीम ÷मानवता के लिए योग÷ है अतः हमे प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए जिससे हमारे मन के साथ साथ शरीर भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने बताया योग का मतलब होता है जोड़ना , शरीर को आत्मा से एवं आत्मा को परमात्मा से मानव को मानवता से जोड़ना 7 प्राचार्य डॉ. बी. आर. डे. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी को बधाई एवं शुभकामनाये दी 7 आज योग का कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय शहडोल में सुचारू रूप से मनाया गया।

# जिले भर में रही विश्व योग दिवस की धूम





**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा।** आगरा जिले के विश्व योग दिवस काफी धूमधाम से मनाया गयाजँहा आगरा के पालीवाल पार्क में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक स्वामी विष्णु चेतन जी मुख्य अतिथि की भूमिका रहे। उन्होंने कहा कि योग हमे स्वस्थ एवम निरोगी रखता है इसलिए हम सबको प्रतिदिन योग करना चाहिए।वहीँ ब्लॉक ब्लॉक बरौली अहीर में खेलकूद अधिकारी माधुरी यादव की।देखरेख में योग दिवस मनाया गया इस दौरान ब्लॉक ब्लॉक बरौली अहीर के वीडियो सहित सचिव एवम ब्लॉक से संबंधित समस्त अधिकारी मौजूद रहे। वही शमसाबाद ब्लॉक में बीडीओ भगवान सिंह चौहान के निर्देशानुसार ब्लॉक के समस्त 59 ग्रामो में ग्राम रोजगार सेवक एवम प्रधानों के नेतृत्व में मनरेगाकर्मियों ने भी योग करके इस योग दिवस को धूमधाम से मनाने में सहयोग किया।

# साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में संपन्न हुआ योगाभ्यास

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले की लांजी तहसील के स्थानीय साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में शासन की मंशानुरूप 21 जून को आठवां विश्व योग दिवस पर एमपी 6 स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल एम रविचंद्रन के मार्गदर्शन में एनसीसी टूप द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे संस्था के संचालक संतोष मोरघड़े , एनसीसी केयर टेकर संदीप कुमार रामटेककर द्वारा योग, प्रणायाम, योगासन , पद्मासन, भुजंगासन, भद्रासन, वृक्षासन , शशांकासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, व्रजासन, सर्वांगासन एवम् सूर्यनामस्कर का योगाभ्यास करवाया



गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े ने कहा की ÷योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन; विचार एवं कर्म; आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है

तथा यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अन्दर जागरुकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक हो सकता है।÷ साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिसे शरीर स्वस्थ रहता हैं। आप ने कहा की योग ने कोवीड महामारी से भी मानव जीवन को बचाया हैं। इसलिए प्रत्येक दिवस योग करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम में 38 लोगो ने प्रतिभागिता दर्ज करवाई जिसमे विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से एनसीसी कैडेट्स, एक्स आर्मी सर्विस मैन जनमानस एवम् पी आई पवन कुमार सोनवाने, विद्यालय के शिक्षक हर्षद असटकर उपस्थित थे।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को मिली बड़ी कामयाबी, दो शूटर गिरफ्तार

**ब्यूरो साकिब सिद्दीकी पुष्पांजली टुडे**

**दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. सेल ने इस हत्याकांड में शामिल दो प्रमुख शूटर को गिरफ्तार किया है. दिल्ली पुलिस के अनुसार उन्होंने शूटरों के हेड को भी पकड़ा है ।पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। बता दें कि दिल्ली पुलिस के अलावा इस मामले में पंजाब पुलिस ने अभी तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की थी, साथ ही पुलिस ने हत्याकांड के लिए जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई को मुख्य साजिशकर्ता भी माना था। पुलिस ने शूटर प्रियव्रत फौजी को पकड़ा है। प्रियव्रत हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है, और इसकी उम्र 26 वर्ष है।प्रियव्रत सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य शूटर है. ये ही शूटरों के मॉड्यूल का प्रमुख भी है। दूसरा शूटर कशिश उर्फ कुलदीप है, जो 24 साल का है। कुलदीप झज्जर का रहने वाला है। पुलिस को आरोपियों के पास से 8 ग्रेनेड ,3 पिस्टल,36 कारतूस बरामद हुए हैं. जांच के दौरान पता चला है कि आरोपियों ने घटना को अंजाम देने से पहले मूसेवाला के घर की 8 से 10 बार रेकी की थी।

# NCERT के पाठ्यक्रम संशोधन में मुस्लिम शासकों से जुड़े कई अध्यायों को घटाया, 'मुगल साम्राज्य' चैप्टर का भी नाम बदला

**ब्यूरो साकिब सिद्दीकी पुष्पांजली टुडे**

**दिल्ली।**भारत सरकार एनसीईआरटी के पाठयक्रम में बड़ा बदलाव लाने जा रही है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा किए जा रहे पाठ्यक्रम बदलावों में इस्लामिक शासकों से कई अध्यायों को हटाया गया जबकि कईयों को छोटा किया गया है। सकक्षा 7 में हमारा इतिहास- II (Our Past-II) में भारत में हमला करने वाले महमूद गजनी के नाम के आगे से सुल्तान हटा दिया गया है। एक अध्याय 'मुगल साम्राज्य' का नाम बदलकर 'मुगल' कर दिया गया है। इसके साथ-साथ अकबर के प्रशासन के जुड़े कई अध्यायों की हटाया गया है। दिल्ली सुल्तान नाम के अध्याय का नाम बदलकर दिल्ली 12 से 15 सदी कर दिया गया है। मुगलों के बड़े सूबों जैसे अवध, बंगाल और हैदराबाद के नाम हटा दिए गए हैं जबकि राजपूत, मराठा, सिख और जाट से अध्यायों को बरकरार रखा गया है। 11 वीं कक्षा के 'द सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स' चैप्टर को हटा दिया गया है। इसमें मिश्र से अफगानिस्तान तक इस्लाम के विस्तार के बारे में बताया हुआ था।

# पंचायत चुनाव को लेकर मुरैना एसपी आसुतौष बागरी की कार्यप्रणाली से अपराध जगत में हड़कम्प

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

***अम्बाह...*** मुरैना जिले में पंचायत चुनाव को लेकर एसपी आसुतोष बागरी के कडे तेवर नजर आरहै है चाहे पुलिस बिभाग हो चाहे गुण्डे मबाली हो जिले में हडकम्प मचा हुआ है किसी को कुछ नही पता कि एसपी साहब कब आ दमके घुसे दिमनी से निकले बरबाई नयेबॉस रामगढ में चाहे कोई गॉव हो चाहे जिले का कोई थाना कब कहॉ गाज गिर जाय पता नही पुलिस में अच्छा काम तो इनाम मिलेगी तुरन्त लापरबाही मिली तो सीधे लाइन जैसी जिसकी ढपली बैसे उनके गीत अब कुछ हद तक महसूस होरहा है कि मुरैना जिले में चुनाव निर्विध्न व निष्पक्ष होने की पूरी पूरी संभाबना है क्यो कि मुरैना उत्पातो दंगा मे सबसे आगे है परन्तु आर्मी अग्निबीर भर्ती को लेकर कलेक्टर एसपी की वह भूमिका रही कि जू तक नही रेग पाई रही मुरैना ही एक ऐसा जिला रहा जहा बिल्कुल ऊदम नही होने दिया यह श्रेय कलेक्टर एसपी को जाता है रही बात पंचायत चुनाव की तो चुनाव को निर्विघ्न, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये विभिन्न थानो में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत सरपंच प्रत्यासियो पर सम्पूर्ण जिले के थानो में बीस बीस हजार रुपये नगद से बाउंड ओवर कराये गये सभी को सूचित किया गया है इन व्यक्तियों द्वारा बाऊंड ओवर की अवधि के दौरान कोई भी विधि विरुद्ध कार्य करने या एक भी प्रकरण दर्ज एवं आबेदन







की स्तिथि में यह राशि जप्त की जाकर, शेष अवधि के लिये जेल भेजा जावेगा अतः निर्विघ्न निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान में भाग लेकर समाज को सुरक्षित रखने में सहयोग करें ऐसी कार्यबाही से अपराधी जगत में हड़कंप मचा हुआ है और अभी तक मुरैना जिले में पच्चीस हजार के करीव बाउन्डोबर होचुके है कुछ लोगो पर 122 की कारबाही कर जैल भेजा गया है अम्बाह डिबीजन के एसडीएम राजीब समाधिया व एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा अम्बाह डिबीजन क्षेत्र के अपराधियों पर भारी नजर आ रहे है चाहे शहर हो या गॉव जन संबाद रोजाना क्षैत्र में जारी है आज दोपहर भारी बल के साथ अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया व एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा व टीआई रबिन्द्र सिह ने अम्बाह की अति संबेदन शील पंचायत बरबाई में फ्लैग मार्च निकाल कर चेताबनी दी कि अगर किसी ने चुनाब मे बिबिधान डाला या कोई बाहरी ब्यक्ति उत्तर प्रदेश राजस्थान या अन्य जिले से पाया गया हम आधार कार्ड वोटर आइडी बेरीफाई करेगे अन्य किसी जिले का निवासी पाया गयाह तो तीन महीन के लिये जैल जाना निश्चित समझे जिससे चुनाव के दौरान अपने घर पर ही रहै एसडीएम राजीब समाधिया ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हम हर सम्भव प्रयास करेंगे और हर परिस्थिति में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करबाकर ही दम लेंगे चाहे हमें मकानो पर बुल्डौजर क्यो न चलबाना पडे

# शासन ने विभागों से मांगी रिक्त पदों की वर्गवार जानकारी

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों से रिक्त पदों की वर्गवार जानकारी मंगाई है ताकि इन पदों पर भर्ती की जा सके। सभी विभागों को रिक्त पदों की वर्गवार जानकारी 15 दिन में देने के निर्देश दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में विभाग और जिला स्तर पर रिक्त पदों की पूर्ति के लिए नगरीय निकाय चुनाव के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। उधर, यह भी निर्णय लिया गया है कि दिव्यांगजनों को सीधी भर्ती के प्रथम श्रेणी के पदों पर छह प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।प्रदेश के विभिन्न् विभाग में लगभग एक लाख पद रिक्त हैं। इन्हें भरने की कार्ययोजना बनाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग सभी विभागों को निर्देश दे चुका है। उधर, विभाग ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत अब प्रदेश के सीधी भर्ती के प्रथम श्रेणी के पदों पर दिव्यांगजनों को छह प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। अभी यह व्यवस्था द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए थी। सूत्रों की माने तो गृह विभाग, स्कूल शिक्षा, कृषि सहित कुछ अन्य विभागों द्वारा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के माध्यम से चयन प्रक्रिया भी कराई है। कुछ विभागों द्वारा अभी तक सामान्य प्रशासन विभाग को रिक्त पदों की जानकारी नहीं भेजी है। इन सभी को पत्र लिखकर 15 दिन में वर्गवार (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अनारक्षित) रिक्त पदों की जानकारी देने के लिए कहा है। इसके आधार पर भर्ती की कार्ययोजना तैयार होगी।

## ग्वालियर किले पर हुआ योग दिवस पर भव्य आयोजन

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं सांसद श्री शेजवलकर के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने किया योग





ग्वालियर। आठवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्वालियर के ऐतिहासिक किले पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व अन्य जनप्रतिनिधिगण और ब?ी संख्या में योग करने वाले शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी योग पर ऑनलाइन अपने विचार रखे।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश में 75 ऐतिहासिक स्थलों पर योग का महोत्सव आज मनाया जा रहा है। योग के माध्यम से न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति सक्षम होता है। हर व्यक्ति को प्रतिदिन अपने लिए समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए। योग आत्मा से परमात्मा को जो?ने का काम करता है।

क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि देश में आज 75 ऐतिहासिक स्थलों पर योग का महोत्सव मन रहा है। भारतीय संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। योग अब लोगों की आदत बन चुका है। योग के माध्यम से शारीरिक क्षमता और मानसिक क्षमता ब?ती है, इसको हर कोई मानने लगा है। हम सबको भी अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए।

ग्वालियर किले पर आयोजित समारोह के प्रारंभ में केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दीप प्रज्ज्वलन किया। योग दिवस पर ब?ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास भी किया। कार्यक्रम में बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी और ब?ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## क्राईम ब्रांच व तिघरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में फरारी व ईनामी बदमाशों की धरपकड हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।दिनांक 21.06.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिघरा क्षेत्र में वनअमलें पर फायरिंग करने वालेपांच हजार रूपये के फरारी ईनामी बदमाश को साड़ातिराहा, तिघरा रोड़ पर देखा गया है। एसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डौतिया को उक्त फरारी ईनामी बदमाश की गिरतारी हेतु निर्देशित किया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध)द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसेसे समन्वय स्थापित करते हुए क्राईम ब्रांच तथा थाना तिघरा पुलिस की टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में डीएसपी अपराध श्री रत्नेश तोमर,श्री विजय भदौरियाएवंसीएसपी ग्वालियर श्री प्रमोद शाक्यके मार्गदर्शन मेंथाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 डॉ. संतोष यादव तथा थाना प्रभारी तिघरा उनि0 सुरेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर सूचना की तस्दीक करते हुए उक्त ईनामी बदमाश की गिरतारी हेतु साड़ातिराहा, तिघरा रोड़ पर भेजा गया।

## निगम कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करेंगे : डॉ. शोभा सिकरवार

### जनसम्पर्क में बोलीं शोभा सिकरवार, विकास किया है, विकास करेंगे



ग्वालियर। कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि निगम के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराना मेरी प्राथमिकता होगी। निगम कर्मचारियों के बीच पहुंची डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने यह बात कही। सुबह-सुबह सड़कों पर निकली डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आम नागरिकों से भी मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि शहर का विकास आमजन की सलाह-मशविरा कर करेंगे।

महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड कमांक 1 व 2 में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क में उमडे. जन सैलाव के बीच नागरिकों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत कर फूल मालाओं से लाद दिया। नागरिकों द्वारा सर पर हाथ रखकर आर्शीवाद दिया जा रहा है। नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोग आतिशबाजी चलाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत कर रहे है। साथ ही मतदाताओं के बीच डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि आप सबके आर्शीवाद से कांग्रेस की जीत होगी और ग्वालियर शहर के विकास के नये द्वार खुलेंगे। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड कमांक 34 व 35 में जनसम्पर्क कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ किया। डॉ. सिकरवार ने कहा कि खस्ता हाल सड़कें, पेयजल समस्या और गन्दगी के लगे ढेर भाजपा के विकास के दावों की पोल खोल रहे है। हम विश्वास दिलाते है काम किया है और हर क्षेत्र मे विकास व प्रगति के कार्यो को गति देंगे। कांग्रेस का एक ही नारा ''विकास में ग्वालियर नम्बर वन हो हमारा''। उन्होंने कहा कि जनमानस का पहले की तरह इस चुनाव मे भी आर्शीवाद मिलेगा, कांग्रेस मजबूत होगी तो समस्याएं खत्म होगी।

## सहयोग, समन्वय और सहभागिता से करेंगे ग्वालियर का विकास: सुमन शर्मा



ग्वालियर। यह नगरीय निकाय चुनाव विकास का चुनाव है और विकास ही विजयी होगा। ग्वालियर का विकास मॉडल देश में अनुकरणीय होगा। यह बात मंगलवार को भाजपा की महापौर पद के प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने वार्ड क्रमांक-38 में अपने जनसंपर्क के दौरान कही।

जैसे ही श्रीमती सुमन शर्मा वार्ड क्रमांक-38 पहुंची, कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह आतिशबाजी भी चलाई। जगह-जगह बहनों ने उनकी आरती उतारी और उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश पठारिया, केशव मंसूरिया, मंडल अध्यक्ष सतीश साहू, पार्षद प्रत्याशी भगवान सिंह कुशवाह, धर्मेंद्र तोमर, विवेक पाल, सतीश कौरव सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर कई जगह श्रीमती सुमन शर्मा ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि महापौर के चुनाव में ग्वालियर के लाखों-लाख नागरिकों के व्यक्तिगत मान, सम्मान की स्थापना हेतु ल? रही हूं, मेरी पार्टी का हमेशा एक ही ध्येय रहा है सत्ता के माध्यम से देश और समाज की सेवा करना, नगर निगम में भी सत्ता में रहते मेरी पार्टी के पूर्ववर्ती महापौरगण भी इसी भावना से काम करते हुए लाखों-लाख ग्वालियरवासी भाई बहनों को सभी मूलभूत सुविधाएं दिलाई और ग्वालियर का क्रमबद्ध विकास हो इस हेतु निरंतर प्रत्यनशील रहे और इसके सुखद परिणाम भी आए, विकास की धारा द्रुत गति से बहे इस हेतु मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। पार्टी ने मुझे महापौर पद का प्रत्याशी बनाया इस दायित्व का निर्वहन मैं आप सभी के सहयोग, समन्वय और सहभागिता से करूंगी और ग्वालियर को देश के श्रेष्ठतम महानगरों की श्रेणी में लाउंगी।

महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज वार्ड क्रमांक-3, 10 एवं 44 में जनसंपर्क करते हुए क्षेत्रीय जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, प्रत्याशीगण सोनू राजपूत, मदन कुशवाह, यामनी नवीन पराण्डे भी मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

आज उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर प्रातः 6 बजे ग्वालियर किला पर सामूहिक रूप से योग कार्यक्रम में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

**नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022**

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशी 22 जून को अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकेंगे फार्म-8

ग्वालियर। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशी नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 22 जून को अपरान्ह 3 बजे तक फार्म-8 जमा कर सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन )श्री विनोद भार्गव ने बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशी नाम वापसी (अभ्यर्थिता वापसी )की तिथि अर्थात 22 जून 2022 को अपरान्ह 3 बजे तक संबंधित नगरीय निकाय के रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी के यहाँ फॉर्म-8 प्रस्तुत कर सकते हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022


### श्रमिकों व कामगारों को मतदान के लिये मिलेगी छुट्टी

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान औद्योगिक संस्थानों एवं दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कामगारों को वोट डालने के लिये अवकाश की सुविधा प्रदान की जायेगी। श्रम आयुक्त द्वारा इस आशय का परिपत्र जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो जिले में पंचायत निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 25 जून को मतदान होगा। सहायक श्रम आयुक्त ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले कारखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से कारखाना व अन्य प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों को आदेशित किया गया है कि वे कामगारों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश को उसी दिन दें, जिस दिन मतदान होना है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वे पूर्व परंपरा के अनुसार प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिये दो - दो घंटे की छुट्टी प्रदान करें। इसके अलावा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया की श्रेणी में आते हैं उनमें भी श्रमिकों को देय वेतन में किसी प्रकार की क्षति न पहुँचाते हुए बारी - बारी से मतदान करने के लिए छुट्टी प्रदान की जाए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मतदान क्षेत्र में आने वाली दुकान एवं वाणिज्य संस्थानों के कामगारों को मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिये नियोजक व प्रबंधकगण मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत अपने संस्थान को निर्धारित बंद दिवस के स्थान पर मतदान दिवस को बंद रखें, जिससे सभी कामगार अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

### चार आदतन अपराधी जिला बदर

**एक अपराधी को भरना होगा 50 हजार रूपए का बंध पत्र**

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 4 अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें से दो अपराधियों को तीन - तीन माह और एक अपराधी को चार माह एवं एक अन्य अपराधी को छ्ः माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसके अलावा एक अपराधी को संबंधित थाने में 50 हजार रूपए का बंध पत्र भरने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने इन अपराधियों को जिला बदर करने के अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी दिलीप त्यागी निवासी पाण्डे की बगिया के पास रमटापुरा सेवानगर थाना क्षेत्र ग्वालियर व संदीप नरवरिया (जाटव )निवासी मरीमाता महलगाँव को तीन - तीन माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इसी तरह आदतन अपराधी मदारा उर्फ शहजाद खान निवासी घासमंडी ग्वालियर को चार माह एवं छोटू उर्फ विक्की उर्फ सूर्य प्रताप सिंह वैस निवासी लधेड़ी को छ्ः माह के लिये जिला बदर किया गया है। इन सभी आदतन अपराधियों को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी व दतिया जिले की सीमाओं से निर्धारित अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह आदतन अपराधी आदित्य पाराशर निवासी राममंदिर गली बालाबाई का बाजार लश्कर को सदाचार बरतने के लिये पुलिस थाना हुजरात कोतवाली में 50 हजार रूपए का बंध पत्र भरने का आदेश दिया गया है। आदित्य पाराशर को 6 माह तक हर माह की पहली तारीख को थाना हुजरात कोतवाली में उपस्थित होकर हाजिरी दर्ज करानी होगी।









स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478